# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## टॉयलेट....एक संघर्ष कथा!

देशभर के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के सर्वे के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट



ये है बस्तर के दरभा ब्लॉक का हाल

*दरभा ब्लाक के 20 शालाओ में शौचालय जर्जर है, जिसे उपयोग में नहीं लिया जा रहा। बच्चों के साथ परेशानी बनी है। लोक शिक्षण संचालनालय की डायरेक्टर के आदेशानुसार बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी को 12 दिन पहले डिमांड बनाकर प्रेषित किया गया है। फंड की कमी की वजह से शालाओं में शौचालय निर्माण कार्य अटका है। जैसे ही राशि की स्वीकृति होती है, निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा। यह कोई दरभा अकेला ब्लाक का मामला नहीं जिले में ऐसे अनेक शालाओ में शौचालय का यही हाल है।*

*- जगदीश पात्रा, खण्ड शिक्षाधिकारी, दरभा*

# छग के 3000 से ज्यादा गर्ल्स स्कूलों के टायलेट खंडहर, सुविधाओं के मामले में चंडीगढ़ टॉप पर, अरुणाचल फिसड्डी, हमारा राज्य औसत

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि खास**

छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर स्कूली छात्र-छात्राओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का सर्वे करने के बाद शिक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में ही इन आंकड़ों का खुलासा हुआ है। यह आंकड़े सरकारी स्कूलों के हैं। जारी किए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 47 हजार 933 विद्यालय ऐसे हैं जहां लड़कियां अध्ययनरत हैं। इनमें से ▶▶|शेष पेज 4 पर



**अब... ग्राउंड रिपोर्ट**

शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट सामने आने के बाद हरिभूमि ने जमीनी हकिकत का जायजा लिया। इस दौरान स्थिति कागजी आंकड़ों से भी अधिक खराब नजर आई। हमने राजधानी रायपुर और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र दोनों का ही जायजा लिया। रायपुर के खोखोपारा, मठपारा, चंदनडीह, हीरापुर सहित रविवि परिसर स्थिति शासकीय विद्यालयों में टॉयलेट की स्थिति इतनी जर्जर है कि इस्तेमाल करना तो दूर की बात यहां प्रवेश करने से पहले ही छात्र डर जाए। वहीं बस्तर के दरभा ब्लाक के 20 शालाओं ▶▶|शेष पेज 4 पर

### टॉप-10 : ब्वॉयज स्कूल

| | | |
|---|---|---|
| 1. | चंडीगढ़, गोवा व लक्ष्यद्वीप - | 100% |
| 2. | पं.बंगाल व दिल्ली- | 99.8% |
| 3. | आंध्रप्रदेश व दादरा व नगर हवेली - | 99.4% |
| 4. | हिमाचल प्रदेश- | 99% |
| 5. | केरल- | 98.8% |
| 6. | हरियाणा- | 98.3% |
| 7. | ओडिसा- | 97.4% |
| 8. | गुजरात- | 96.4% |
| 9. | उप्र- | 95.8 |
| 10. | पंजाब- | 96.5% |

*छग औसत- बालक विद्यालय में टॉयलेट सुविधा के संदर्भ में सबसे खराब स्थिति अरुणाचल प्रदेश की है। यहां सिर्फ 65.7 प्रतिशत स्कूलों में ही टॉयलेट है। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में 75.5 प्रतिशत, मणिपुर में 72.7 प्रतिशत, मेघालय में 76.2 प्रतिशत, मिजोरम में 75.7 प्रतिशत, नागालैंड में 70.6 प्रतिशत, त्रिपुरा में 71.3 प्रतिशत विद्यालयों में ही टॉयलेट है। छग का प्रदर्शन औसत है। यहां के 87.6 प्रतिशत शासकीय विद्यालयों में शौचालय है। इसके बाद भी शीर्ष-20 से छग बाहर है।*

### टॉप-10 : गर्ल्स स्कूल

1. आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, दादर व दमन-द्वीप, दिल्ली, गोवा - 100%
2. पं.बंगाल- 99.9%
3. पांडुचेरी-99.8%
4. केरल-99.4%
5. हिमाचल प्रदेश- 99.3%
6. ओडिशा- 98.8%
7. सिक्किम- 98.5%
8. आंध्रप्रदेश- 98.1%
9. झारखंड- 97.2%
10. गुजराज- 97.1%

यहां भी औसत- यहां भी सबसे खराब प्रदर्शन अरुणाचल प्रदेश का है। यहां के सिर्फ 64.2% शासकीय कन्या विद्यालय में ही टॉयलेट है। प्रतिशत के अनुसार देखें तो छग के 93.7% स्कूलों में शौचालय है।

## खबर संक्षेप

### पीएफ ब्याज पर आज हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की बैठक 28 फरवरी को होने वाली है। इसमें प्रॉविडेंड फंड के ब्याज दर को लेकर फैसला लिया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर शुक्रवार को न्यासी बोर्ड ब्याज को लेकर फैसला लेता है तो ईपीएफओ के करोड़ों मेंबर्स को बड़ा झटका लग सकता है।

### ड्रग्स के साथ थाईलैंड की दो महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाईलैंड की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 27 करोड़ रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। दोनों आरोपी महिलाएं 19 फरवरी को थाईलैंड के फुकेट से भारत पहुंची थीं।

# कांग्रेस ने ईडी को दिया 33 पेज का जवाब 8 घंटे पूछताछ के बाद प्रभारी महामंत्री को छोड़ा

*शराब घोटाले की जांच के दायरे में आए सुकमा और कोंटा में बनाए गए कांग्रेस भवन के निर्माण के संबंध में गुरुवार को ईडी ने मलकीत सिंह गैंदू से तकरीबन 8 घंटे पूछताछ की। ईडी कार्यालय में दिए गए लिखित जवाब के बाद उनसे पूछताछ का लंबा सिलसिला चला। इस दौरान कांग्रेसी ईडी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे रहे। शाम को मलकीत सिंह को जाने दिया गया। ईडी को उन्होंने सुकमा-कोंटा राजीव भवन निर्माण के संबंध में 33 पेज की जानकारी दी है। ईडी ने इन जवाब के संबंध उनसे कई पूरक सवाल किए, जिसका जवाब देने के बाद उन्हें एक बार फिर 3 मार्च को बुलाया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के घर और अन्य स्थानों से मिले डिजिटल और अन्य साक्ष्य के आधार पर यह आरोप लगाया गया है कि शराब घोटाले के पैसे से सुकमा-कोंटा का कांग्रेस भवन और उनके पुत्र हरीश लखमा का मकान निर्माण किया गया है। ईडी कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में सच्चाई जानने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में पूरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ शराब घोटाले से सुकमा-कोंटा कांग्रेस कार्यालय के निर्माण पर ईडी की तहकीकात जारी



### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस भवन के संबंध में जानकारी लेकर पहुंचे कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से ईडी की पूछताछ के दौरान कार्यालय के बाहर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय की जांच की मांग कर रहे थे।

### सुशील ओझा को भी किया तलब

कवासी लखमा के मामले में ईडी ने कांग्रेस कार्यकर्ता सुशील ओझा को भी पूछताछ के लिए तलब किया था। सुशील ओझा के मंत्री कवासी लखमा से संबंधों को देखते हुए उनके घर पर भी ईडी ने छापा मारा था। वे उस दौरान नहीं मिले थे। अब उन्हें इस मामले में पूछताछ के बुलाया गया है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गैंदू को घंटों बिठाए रखना आपत्तिजनकः बैज

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी द्वारा चाही गयी जानकारी को देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिये था। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी, तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, उस* ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

# जीएसटी-सीमा शुल्क मामले में मिल सकती है अग्रिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है। व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर भी गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का रुख कर सकता है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से देश कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है।



प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंड प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। याचिकाओं में कहा गया है कि ये प्रावधान ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कारोबारी नागरिकों को न करें परेशान

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि जीएसटी अधिनियम में गिरफ्तारी के प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण कारोबारियों/नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने फैसले में इस बात पर जोर दिया है कि जीएसटी अधिनियम के तहत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी सवाल तय करते हुए, अब सभी मामलों में आगे की सुनवाई के लिए 17 मार्च को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

## नव निर्वाचित महापौर मीनल ने ली शपथ



रायपुर। नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में भव्य समारोह के दौरान गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 69 वार्ड पार्षदों को भी कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत समेत कई नेता मौजूद रहे।






**जेवरात व नकदी समेत लाखों ले उड़े**

# नकाबपोश तलवार-कट्टा लेकर घुसे, जेवर-नकदी की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

बीती रात व्यवसायी के घर में घुसकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे और तलवार की नोक पर परिवार को बंधक बनाकर लूट की है। अपराधी व्यवसायी के मकान व दुकान से नगदी, जेवर समेत लाखों का सामान लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। इस घटना के बाद परिवार सहमा हुआ है जबकि क्षेत्र में भी दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ जान से मारने की धमकी देर नकाबपोश लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम

### रैकी कर वारदात को अंजाम देने की संभावना

*जिस तरह से लुटेरों ने व्यवसायी के घर को निशाना बनाया है और हथियार के बल पर लूटपाट की गई है उससे यह संभावना जताई जा रही है कि इस वारदात में तीन से अधिक लोग भी शामिल हो सकते है इसके साथ ही आरोपियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया है और वारदात से पहले व्यवसायी के घर दुकान की रेकी किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि लुटेरे आपस में जिस भाषा में बात कर रहे थे वह स्थानीय नहीं थी। अपराधी झारखण्ड तरफ की भाषा में बात कर रहे थे। गनीमत रही कि अपराधी सिर्फ लूटपाट कर भाग निकले अन्यथा कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी।*




*अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है।*

## नए नागरिकता कानून को लेकर मची हुई है वैश्विक स्तर पर हलचल

# अमेरिका में नया नागरिकता कानून, भारत को मिलेगा 'फायदा'

## अमेरिकी कंपनियों को विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमीर विदेशी नागरिकों के लिए एक नई पहल 'गोल्ड कार्ड' लॉन्च की। इस योजना के तहत, जो लोग 50 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेंगे, उन्हें अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार मिलेगा, साथ ही उन्हें नागरिकता प्राप्त करने का अवसर भी दिया जाएगा।

### 'गोल्ड कार्ड' की शुरू होगी बिक्री

एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा, "हम 'गोल्ड कार्ड' की बिक्री शुरू करने जा रहे हैं।" उन्होंने समझाया कि यह 'ग्रीन कार्ड' से एक कदम आगे है और विशेषाधिकारों के साथ आता है। ट्रंप के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य संपन्न व्यक्तियों को अमेरिका आने और वहां निवेश करने के लिए आकर्षित करना है।

### 'गोल्ड कार्ड' योजना में दी जाएगी विशेष छूट




### इन लोगों को होगा लाभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा आव्रजन नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं, खासकर भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने में बाधा बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत, चीन, जापान और अन्य देशों से आने वाले छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे हार्वर्ड या व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस से शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके पास अमेरिका में रहने की कोई निश्चित गारंटी नहीं होती।

### कंपनियों को 'गोल्ड कार्ड' खरीदने का विकल्प

ट्रंप ने बताया कि इस अनिश्चितता के कारण कई होनहार स्नातकों को अमेरिका छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसके बाद वे अपने देश लौटकर सफल उद्यमी बन जाते हैं और हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनियों को 'गोल्ड कार्ड' खरीदने का विकल्प मिलना चाहिए, जिससे वे इन प्रतिभाशाली स्नातकों को आसानी से भर्ती कर सकें।

## खबर संक्षेप

### केंद्र ने वापस ले ली भाजपा के 32 नेताओं की सुरक्षा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बीजेपी के ही 32 नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली है। इस संबंध में एक लिस्ट भी जारी की गई है। इसमें उन सभी नेताओं के नाम हैं जिनकी सुरक्षा वापस हुई है। लिस्ट सामने आने के बाद से नेताओं का कहना है कि यह रूटीन प्रक्रिया है। केंद्र सरकार ही सुरक्षा के बारे में फैसला लेती है।

### बिष्ट बने दिल्ली विस के नए डिप्टी स्पीकर



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को दिल्ली विधानसभा का नया डिप्टी स्पीकर चुना गया है। बिष्ट कई बार करावल नगर से विधायक रह चुके हैं। इस बार उन्होंने मुस्तफाबाद सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा में जगह बनाई। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार आदिल अहमद खान को 17,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।

### पवन कल्याण पर टिप्पणी एक्टर मुरली गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता-स्क्रीनराइटर और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता पोसानी कृष्ण मुरली को आंध्र प्रदेश पुलिस ने बुधवार को हैदराबाद स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पोसानी पर आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पवन कल्याण, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है।

## भारत ने संरा में जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर दिया करारा जवाब

# 'पाकिस्तानी नेता फैलाते हैं अपने सैन्य आतंकवादी परिसर से झूठ'



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोपा का करारा जवाब देते हुए भारत ने कहा, पाकिस्तान एक नाकाम देश है। जो अंतरराष्ट्रीय अनुदानों पर जिंदा है। भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में कहा, हमे इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि पाकिस्तानी नेता अपने सैन्य-आतंकवादी परिसर से झूठ फैलाते हैं। पाकिस्तान ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) को अपना मुखपत्र बताकर संगठन का मजाक उड़ाते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संगठन का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है, जो अस्थिरता पर पनपता है और अंतरराष्ट्रीय अनुदानों पर जीवित रहता है।

## 'अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा है पाकिस्तान'




### जम्मू कश्मीर में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं

क्षितिज त्यागी ने बताया कि पिछले कुछ सालों से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलाव आए हैं। जो काफी कुछ बयां करते हैं। यह सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से त्रस्त क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने की सरकार की प्रतिबद्धता में लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं। साथ ही त्यागी ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बारे में कहा कि ये क्षेत्र हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई है, जो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के बावजूद वहां की स्थिति सामान्य बनाने में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### अपने हालात बदलने पर ध्यान दे पाकिस्तान

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने जवाबी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए निराधार झूठ का जवाब है। साथ ही भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी 19 फरवरी को कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए गलत सूचना अभियानों की कड़ी निंदा की। त्यागी ने पाकिस्तान के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और आगे भी रहेंगे। पाकिस्तान को भारत की बजाय अपने देश के हालात बदलने पर जोर देना चाहिए। इनकी इस बयानबाजी में पाखंड की बू आती है। यह हरकतें अमानवीय हैं और शासन व्यवस्था चलाने में अक्षमता को दर्शाती हैं। भारत अपनी प्रगति, लोकतंत्र और देशवासियों को सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### नागरिक हित में काम करे पाक

*क्षितिज त्यागी ने कहा, पाकिस्तान को भारत के प्रति अपनी परंपरागत सोच से बाहर निकलना चाहिए और उन मुद्दों का समाधान करना चाहिए, जो उसके नागरिकों को प्रभावित करते रहते हैं। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।*

### पाकिस्तानी मंत्री का यह है आरोप

*यूएनएचआरसी की बैठक में इससे पहले पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने दावा किया था कि कश्मीर में लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। जो कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।*

# अमेरिका, यूक्रेन के बीच आज बड़ी डील, व्हाइट हाउस पहुंचेंगे जेलेंस्की

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क



- बड़े समझौते पर होंगे हस्ताक्षर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिका में एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। कीव और वाशिंगटन पिछली अमेरिकी सहायता और संभवतः सुरक्षा गारंटी के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा को साझा करने के लिए एक समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बहुप्रतीक्षित खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए शुक्रवार को 'व्हाइट हाउस' आएंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक की शुरुआत में यह घोषणा की और इस समझौते को एक बहुत बड़ा समझौता बताया। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप लंबे समय से यह शिकायत करते रहे हैं कि अमेरिका ने तीन साल से जारी युद्ध में रूस के खिलाफ यूक्रेन की सहायता के लिए करदाताओं का बहुत अधिक पैसा खर्च किया है।

### समझौते पर यह बोले जेलेंस्की

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को पहले यह जानना होगा कि अमेरिका अपने निरंतर सैन्य समर्थन के मामले में कहां खड़ा है। उन्होंने कहा कि उन्हें वाशिंगटन की यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक बातचीत की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'यह आर्थिक समझौता भविष्य की सुरक्षा गारंटी का हिस्सा हो सकता है लेकिन मैं व्यापक दृष्टिकोण को समझना चाहता हूं।' जेलेंस्की ने कहा कि यह समझौता या तो बहुत सफल हो सकता है या चुपचाप खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि सफलता राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हमारी बातचीत पर निर्भर करती है। मैं अमेरिका के साथ समन्वय करना चाहता हूं।' ट्रंप ने अमेरिका की कुछ पिछली नीतियों को अचानक छोड़ दिया है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अलग-थलग करने के प्रयासों को रद्द कर दिया।

## भाषा विवाद के बीच तमिलनाडु सीएम स्टालिन का विवादित बयान

# 'हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया यह मुखौटा जबकि संस्कृत है चेहरा'

एजेंसी ▸▸ चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन लगातार केंद्र पर हिंदी थोपे जाने का आरोप लगाकर निशाना साध रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य इस भाषा को अपने ऊपर थोपने की इजाजत नहीं देगा। उन्होंने तमिल व इसकी संस्कृति की रक्षा करने की कसम खाई। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में कहा, 'हिंदी थोपे जाने का विरोध किया जाएगा। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।' दरअसल, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने का आरोप लगा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस आरोप का खंडन किया है। यह मुद्दा तब से दोनों के बीच विवाद का विषय बन गया है, जिसके कारण सीएम स्टालिन ने घोषणा की कि राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए भी तैयार है।

### स्टालिन का दावा

पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली कई उत्तर भारतीय भाषाएं जैसे मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी आधिपत्य वाली हिंदी द्वारा नष्ट कर दी गई हैं। आधिपत्य वाली हिंदी-संस्कृत भाषाओं के आक्रमण से 25 से अधिक उत्तर भारतीय मूल भाषाएं बर्बाद हो गई हैं। सदियों पुराने द्रविड़ आंदोलन ने जागरुकता पैदा करने और विभिन्न आंदोलनों के कारण तमिल और उसकी संस्कृति की रक्षा की।'

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला इस काम के लिए बनाई 3 सदस्यीय कमेटी

# संभल मस्जिद में मिली पुताई की इजाजत

एजेंसी ▸▸ इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई पुताई एक कमेटी की देखरेख में कराने का फैसला सुनाया है। अदालत ने आदेश दिया है कि मस्जिद की रंगाई-पुताई तीन सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी की निगरानी में होगी, ताकि मस्जिद के ऐतिहासिक और संरचनात्मक महत्व को कोई नुकसान न पहुंचे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, 3 सदस्यीय कमेटी बनाने के लिए कहा गया है, जिनमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का एक विशेषज्ञ होगा, जो यह देखेगा कि मस्जिद की ऐतिहासिक संरचना को किसी तरह की क्षति न हो। वहीं एक वैज्ञानिक भी शामिल होगा, जो रंगाई-पुताई में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का विश्लेषण करेगा।

### विरोध में हिंदू समुदाय के लोगों का प्रदर्शन

इससे पहले शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई को लेकर मांगी जा रही अनुमति के विरोध में हिंदू समुदाय के लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अगर रंगाई-पुताई शुरू हुई तो आगे विवाद बढ़ेगा, क्या इसकी जिम्मेदारी एएसआई लेगा। मस्जिद में काम शुरू करना बहाना है, मकसद कुछ और है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

## जिला प्रशासन ने जारी की गाइड लाइन

# कोटा में सस्ती होगी पढ़ाई, हॉस्टल कोचिंग सेंटर के लिए नियम जारी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए राजस्थान का कोटा शहर भारत के सभी होनहार छात्रों के लिए एक तरह से पहली पसंद है। कोटा में पढ़ाई के दबाव के साथ-साथ एक और चीज है जिसमें लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, वह है पैरेंट्स के खर्चे। जी हां, इस पर न केल लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। तैयारी के लिए अपने बच्चों को भेजने वाले पैरेंट्स के हित में कोटा जिला प्रशासन ने एक नई गाइडलाइन जारी की है।

### हॉस्टलों में सिक्योरिटी और कॉशन मनी खत्म

नई गाइडलाइंस के तहत, कोटा के 4,000 हॉस्टलों में अब छात्रों से सिक्योरिटी और कॉशन मनी नहीं ली जाएगी। पहले यह शुल्क हॉस्टल में एडमिशन के समय लिया जाता था और साल के अंत में वापस किया जाता था. लेकिन अब छात्रों को यह अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

### हॉस्टल के नियमों में बदलाव

- हॉस्टल में 2,000 रुपये तक ही मेंटेनेंस चार्ज ले सकेंगे
- सभी रूम्स में एंटी-हैंगिंग सुसाइड सीलिंग फैन लगाना जरूरी
- स्टाफ के लिए गेटकीपर ट्रेनिंग जरूरी होगी।
- सभी हॉस्टलों में सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने होंगे
- रात के समय मैनुअल प्रेजेंट जांच जरूरी
- हॉस्टल में फन एक्टिविटी एरिया बनाए जा सकेंगे
- अभिभावकों को सभी भुगतानों की रसीदें दी जाएंगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 223
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 35.0
न्यून. 18.8

## महाकुंभ संपूर्ण होने के बाद सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे, किए बड़े ऐलान

# 'सफाईवीरों' की सैलरी अब होगी 16 हजार 10 हजार बोनस, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा



### सीएम व कैबिनेट मंत्रियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

महाकुंभ के संपूर्ण होने के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। 1 अप्रैल से कर्मचारियों के खाते ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार प्राप्त किया।

#### नाव चालकों को नाव खरीदने दी जाएगी धनराशि, मुफ्त इलाज भी

*महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपए की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।*

### पीएम मोदी ने महाकुंभ पर कहा-देवभक्ति ही देशभक्ति

## यह भारत की विकास यात्रा के एक नए अध्याय का संदेश



महाकुंभ की सफलता के बाद पीएम सोमनाथ दर्शन को जाएंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की एकता के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभिभूत मैं द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा। मैं श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। मैं कामना करूंगा कि देशवासियों में एकता की ये अविरल ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### हम सब नदी उत्सव जरूर मनाएं

*पीएम मोदी ने लिखा कि जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जहान-ए-खुसरो का आज उद्घाटन करेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राजधानी स्थित सुंदर नर्सरी में सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को शाम लगभग 7:30 बजे सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में भव्य सूफी संगीत समारोह, जहान-ए-खुसरो 2025 में भाग लेंगे।

### रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ ईडी छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर में दो रियल एस्टेट कंपनियों और उनके प्रवर्तकों के कई परिसर पर छापेमारी की। यह कार्रवाई डब्ल्यूटीसी बिल्डर सहित अन्य के खिलाफ की जा रही है।

### मंत्री पर अपमानजनक पोस्ट, दो गिरफ्तार



**बदायूं।** बदायूं जिले में केंद्रीय मंत्री बी. एल. वर्मा के बारे में फेसबुक पर अपमानजनक पोस्ट करने और भाजयुमो के एक नेता को धमकाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में हुई। यहां भाजयुमो के नगर अध्यक्ष विवेक राष्ट्रवादी ने शिकायत दर्ज कराई।

### खजूर में सोना दबाकर लाया, पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक व्यक्ति से खजूर के अंदर छुपाया गया सोना जब्त किया है। बुधवार को सऊदी अरब के शहर जेद्दा से आने वाले 56 वर्षीय एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका गया। उसने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सामान की जांच में पीली धातु के कटे हुए टुकड़े और एक चेन बरामद हुई।

### ऑस्कर विजेता हैकमैन उनकी पत्नी मृत मिले



**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म द फ्रेंच कनेक्शन और अनफॉरगिवेन में अपनी भूमिकाओं के लिए ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित 95 वर्षीय अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत मिले। हैकमैन 1960 के दशक से लेकर सिनेमा जगत से संन्यास लेने तक रुपहले पर्दे पर दिखे और अलग अलग भूमिकाएं निभाईं।

### जल जीवन मिशन का कार्य चार साल आगे बढ़ाया गया: साव

# सदन में गरमाया जल जीवन मिशन, मंत्री बोले कार्रवाई करेंगे, छह इंजीनियर सस्पेंड हो चुके

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को जल जीवन मिशन का मुद्दा गरमाया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइप लाइन बिछाने और टंकी बनाने पर सवाल करते हुए कहा, यह खुला करप्शन है। इसके अलावा मिशन से जुड़े और भी सवाल उठाए गए। पीएचई मंत्री अरुण साव ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाते हुए बताया कि 6 अफसरों को निलंबित किया जा चुका है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन पर सवाल करते हुए कहा, चार महीने पहले मुझे विस्तृत जानकारी देने की बात मंत्री ने कही थी, लेकिन आज तक जवाब नहीं दिया गया कि कितने गांव में जल स्रोत नहीं है? कितने गांवों में पाइप लाइन और टंकी बनाई गई है? उन्होंने पूछा कि प्रदेश के कितने गांवों के कितने घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं। लक्ष्य के अनुरूप कितने गांवों के कितने घरों में पूर्ण अपूर्ण स्थिति है। मंत्री अरुण साव ने इसका जवाब देते हुए कहा, नलकूप खनन देर से शुरू हुआ। स्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। ये गांव ऐसे हैं, जो स्रोत विहीन हैं, जिसमें से 3 हजार 254 गांव ऐसे हैं, जहां अपर्याप्त स्रोत हैं। पीएचई मंत्री ने कहा, हर स्कीम में स्रोत आइडेंटिटिफ़ाई था। 653 गांवों में पाइप लाइन और टंकी बनाई गई है। ग्राम सभा ने अनुमोदन किया है। अप्रैल 2023 में हैंडपंप का टेंडर हुआ, इसके बाद काम का विश्लेषण कर एक साथ सरकार ने छह एक्जिक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया गया था।

#### जन जीवन मिशन पर आए कई सवाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नलजल योजना पर कई सवाल पूछे गए। सबसे पहले विधायक गोमती साय ने पूछा कि जल जीवन मिशन योजना पिछले 5 साल में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। अब इसे ठीक करने के लिए क्या-क्या किया जा रहा है। मंत्री अरुण साव ने जवाब दिया कि जल जीवन मिशन 2019 में शुरू की गई। छत्तीसगढ़ में 2019 की बजाय 2021 में ये योजना शुरू हुई। बाकी सभी के टेंडर हुए, लेकिन नलकूप के टेंडर अप्रैल 2023 के बाद शुरू हुआ। हमारी सरकार ने इसके बाद से काम शुरू किया। एक साल में जल जीवन मिशन के काम काफी तेजी से हुआ। कांकेर जिले के जल जीवन मिशन के सवाल पर मंत्री का जवाब न मिलने पर कांग्रेस ने सदन से बहिगर्मन किया।







#### योजना को 2028 तक बढ़ाया गया

अरुण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जल जीवन मिशन की कुल लागत 26 हजार 465 करोड़ से ज्यादा थी. जिसमें केंद्रांश 12 हजार 424 करोड़ से ज्यादा रुपये और राज्यांश 14 हजार 41 करोड़ रुपये से ज्यादा था. वर्तमान में 6 हजार 178.33 करोड़ रुपये केंद्रांश और राज्यांश 7292.28 करोड़ मिला है। अब तक 13 करोड़ से ज्यादा राशि ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### 315 ठेके निरस्त 15 एजेंसियां बाहर

ट्यूबवेल खदान का काम अप्रैल 2023 से शुरू हुआ। ट्यूबवेल खनन के आधे से ज्यादा खनन नहीं हुए हैं। लगातार काम चल रहा है। 3438 नलकूप खोदे हैं। हाइड्रो फ्रैक्चरिंग विधि से 735 नलकूप जीवित किए गए हैं। 2711 टंकियों का निर्माण हुआ है। हर घर जल प्रमाणित 1438 है। लगातार इस योजना को आगे बढ़ाने का काम कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### रमन ने अजय को टोका, कहा- बंधु-बंधु नहीं मंत्री कहिए

चंद्राकर ने बीच में टोकते हुए कहा, स्रोत विहीन ऐसे कितने गांव हैं, जहां पाइप लाइन डल गई है और टंकी बन गई है। मंत्री ने कहा, विस्तार से उत्तर दिया है। चंद्राकर साव को बंधु बंधु कहकर पुकारने लगे, इस पर रमन सिंह ने उन्हें टोका और कहा, मंत्री कहिए। चंद्राकर ने कहा नलकूप के बारे में सवाल नहीं पूछा। अरुण साव ने जवाब दिया नलकूप खनन का काम अप्रैल 2023 से शुरू हुआ। हर एक स्कीम में जब डीपीआर तैयार हुई, ग्रामसभा से अनुमोदन हुआ। नलकूप खनन देर से शुरू हुआ, इसलिए स्रोत की दिक्कत आ रही है। स्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। इसमें 1 लाख 32 हजार 717 घरों में नल कनेक्शन हुए हैं।

## हिड़मा के पीएलजीए बटालियन मेंबर समेत 9 नक्सलियों का समर्पण



#### चार पर था 23 लाख का इनाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल कमांडर हिड़मा के पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय 8 लाख के इनामी व 5-5 लाख रुपए के इनामी तीन एरिया कमेटी मेंबर समेत 9 नक्सली बीजापुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल रहे है। सक्रिय नक्सलियों के लगातार समर्पण से नक्सल संगठन कमजोर होता जा रहा है। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों ने कहा कि वे ▶▶|शेष पेज 4 पर

- कई संगीन मामलों में शामिल नक्सलियों के समर्पण व गिरफ्तारी से कमजोर हो रहा नक्सल संगठन

#### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में वर्ष 2015 से सक्रिय पीएलजीए बटालियान नम्बर एक की सदस्य 8 लाख की इनामी लक्ष्मी माड़वी ऊर्फ खुटो निवासी तिम्मापुर कर्कनपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा के अलावा 5-5 लाख रुपए के इनामी एसीएम पुल्ली ईरपा ऊर्फ तारा निवासी बेलमनेण्ड्रा पुजारीपारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, भीमे ▶▶|शेष पेज 4 पर

## दिल्ली में दंगल, सदन के बाहर 'आतिशी फायर' भीतर घोटाला खोल रही कैग रिपोर्ट पीएसी को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के विपक्ष की नेता आतिशी और आप के अन्य विधायकों को गुरुवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया। आप ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। इधर, विधानसभा के भीतर दिल्ली शराब नीति को लेकर कैग रिपोर्ट को विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) को सौंप दिया गया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों को गुरुवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोके जाने बाद आप विधायकों ने परिसर के बाहर धरना दिया।

- विस में आतिशी-निलंबित विधायकों को नहीं मिली एंट्री, 'आप' ने दिया धरना

#### इधर, वर्मा बोले- शीशमहल की होगी जांच

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि 'शीश महल' विवाद की जांच शुरू की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में कितना सरकारी पैसा इस्तेमाल किया गया। आप सरकार के तहत तीन साल पहले बनाए गए भव्य मुख्यमंत्री कार्यालय की जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके नवीनीकरण पर कितना पैसा खर्च किया गया और किस आधार पर अधिकारियों ने इस तरह के खर्चों की अनुमति दी।

#### राष्ट्रपति से मिलेंगे आप नेता

आतिशी ने राष्ट्रपति को एक पत्र भी लिखा है। आप नेताओं में शुक्रवार को राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में उन्होंने दिल्ली सरकार के दफ्तरों से आंबेडकर और भगत सिंह की फोटो कथित तौर पर हटाए जाने का मुद्दा उठाया। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, आपके संज्ञान में एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील विषय लाना चाहती हूं, जो भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। दिल्ली में भाजपा की सरकार ने दिल्ली सरकार के विभिन्न दफ्तरों से संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की तस्वीरें हटा दी हैं। यह न केवल देश के वीर सपूतों का अपमान है बल्कि दलित, पिछड़े और वंचित समाज का भी अपमान है।

### लोकसभा में 10 मार्च को होगा पेश

## वक्फ बिल में 14 संशोधनों को कैबिनेट की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक संसद के विचार के लिए ला सकती है। सूत्रों ने बताया कि संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित 14 संशोधनों को अपनी मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद अब विधेयक बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान संसद में प्रस्तुत किये जाने की संभावना है। बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से चार अप्रैल तक प्रस्तावित है। इस सत्र के दौरान ही विधेयक पारित होने की संभावना है।




प्रमुख बदलाव

#### वक्फ संशोधन विधेयक

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद आठ अगस्त, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था। विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को विनियमित और प्रबंधित करने से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है।

- हर वक्फ बोर्ड में होंगे गैर-मुस्लिम (कम से कम दो) और महिला सदस्य
- केंद्रीय वक्फ परिषद में एक केंद्रीय मंत्री, तीन सांसद और राष्ट्रीय ख्यातिनाम व्यक्ति
- राज्य द्वारा बताए गए अधिकारी को यह तय करने का निर्देश दिया गया है कि कोई संपत्ति 'वक्फ' है या नहीं।
- नए नियमों के तहत वक्फ परिषद भूमि पर दावा नहीं कर सकती थी।
- पारिवारिक वक्फ में महिलाओं के उत्तराधिकार की रक्षा की जाएगी
- सभी वक्फ के मामलों पर सीमा अधिनियम लागू होगा
- पोर्टल के जरिए वक्फ संपत्तियों को ऑनलाइन किया जाएगा

### पति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

## वर्ल्ड चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी हुई दहेज उत्पीड़न की शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अर्जुन पुरस्कार विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अपने कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्वीटी ने अपने पति और उनके परिवार पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों की शादी 2022 में हुई थी। स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में भाजपा नेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।



#### 2024 में चुनाव हार गए थे हुड्डा

भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो किसी महिला के पति या उसके रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करने से संबंधित है। दीपक हुड्डा ने रोहतक जिले के महम निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 2024 हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### आनन-फानन में शुरू हुआ इस हॉस्पिटल का बिल्डिंग तक हेंडओवर नहीं

## 100 करोड़ के ईएसआईसी हॉस्पिटल में भर्ती सुविधा नहीं

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

अलग खबर

भिलाई के जुनवानी में आनन-फानन में सालभर पहले शुरू किया गया ईएसआईसी हॉस्पिटल रेफलर सेंटर बन कर रह गया है। 100 करोड़ की लागत से इस हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। कर्मियों के परिवारों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। सालभर से केवल ओपीडी ही इस हॉस्पिटल की चल रही है। ओपीडी जांच ▶▶|शेष पेज 4 पर



**पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन:** ईएसआईसी हॉस्पिटल जुनवानी का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2024 को किया था। तभी यहां ओपीडी प्रारंभ की गई थी। तब से लेकर अब तक यहां ओपीडी ही चल रही है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। हॉस्पिटल में मरीजों के लिए भर्ती सुविधाएं नहीं बन पाई है।

#### चल रही है प्रक्रिया

ईएसआईसी हॉस्पिटल में ओपीडी चल रही है। भर्ती के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने का कार्य चल रहा है। प्रक्रिया में भी कई चीजें हैं।
**- डॉ.एमएन हसन,** प्रभारी ईएसआईसी हॉस्पिटल, जुनवानी

#### केवल 100 मरीजों की ओपीडी

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक रोजाना 100 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। इस हिसाब से महीने में करीब 300 लोग वर्तमान में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह ओपीडी की संख्या भिलाई में संचालित ईएसआईसी के एक क्लिनिक के समान है। ईएसआईसी से जुड़े कर्मचारी बताते हैं कि भर्ती की सुविधा नहीं होने की वजह से उन्हे दूसरे हॉस्पिटल में रेफर कर रहे हैं। हॉस्पिटल निर्माण का कोई फायदा नहीं हुआ। ईएसआईसी क्लिनिक भी यही काम करते रहे हैं और आज भी कर रहे हैं।

### लखमा की याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब




**बिलासपुर।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने एसीबी व ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की याचिका पर गुरूवार को जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा, जिस पर कोर्ट ने एसीबी व ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## चिंतन

# यूएन में कश्मीर का राग अलापना बंद करे पाक

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। स्विटज़रलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। यह नई बात नहीं है। यूएन के हर सत्र में पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता रहा है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत पाकिस्तान के साथ केवल आतंकवाद के खात्मे के बाद ही कोई बात करेगा। ऐसे में पाक का यूएन में कश्मीर मुद्दे को उठाना अपने अवसर का जाया करना है। यूएन में अपने उत्तर देने के अधिकार के तहत भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। आतंकवाद को शह देने के नीतिगत एजेंडे के चलते आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है, टेरर फंडिंग समेत अन्य आतंकवादी वित्तीय गतिविधियों के चलते वह फ्रांस स्थित एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। इससे पहले कई बार ब्लैक लिस्ट में रह चुका है। आजादी के बाद पाक अवैध रूप से कबायली वेष में कश्मीर में घुसा था। उस वक्त एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य का भारत में विधिवत विलय हो चुका है। इसके बाद से कश्मीर के कुछेक हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जो पीओके है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान पीओके क्षेत्र से अपना अवैध कब्जा खत्म करे, वह हिस्सा भारत का है। भारत अपना हिस्सा लेने को प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर को लेकर निराधार व दुर्भावनापूर्ण संदर्भ बयां नहीं करना चाहिए। यह खेदजनक है। वह हमेशा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करता है। विश्व में सबके सामने कश्मीर को लेकर स्थिति साफ है, यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान में सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ को दुनिया ने देखा, जब अमेरिका ने पाक के सैन्य क्षेत्र से ओसामा बिन लादेन को पकड़ा और मारा। पाक की फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई नीतिगत रूप से आतंकवाद को पालती-पोसती रही है और कश्मीर में उसका दुरुपयोग करती रही है। आज 32 से अधिक छोटे व बड़े आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं। अनेक घोषित ग्लोबल टेररिस्ट पाक में हैं। मौजूदा समय में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में आजादी के बाद से ही हुई अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की खुद ही सबकुछ बयां कर रही है। पाकिस्तान को यूएन मानवाधिकार परिषद का वक्त नहीं बर्बाद करना चाहिए। उसको भारत के बारे में सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का भी मजाक बना रहा है, वहां कश्मीर राग का कोई मतलब नहीं है। वह (पाकिस्तान) इसे (ओआईसी) अपना मुखपत्र बताकर दुष्प्रचार को बढ़ावा देकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान की हर कारगुजारियों से भारत वाकिफ है। अपनी करतूतों की वजह से ही आज पाकिस्तान की ऐसी हालत है और दुनिया में चीन व तुर्किये के अलावा किसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। इमदाद के भरोसे जीने वाले पाकिस्तान को अपने हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यूएन में कश्मीर गीत गाने से भारत पर कुछ भी नहीं होने वाला है, कश्मीर भारत का था, है और सदा रहेगा।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी


# महाकुंभ से सनातन धर्म का बढ़ा गौरव

**प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है।**

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए, यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रृंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते हैं। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरु की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है। कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदें छलकी। ये अमृत बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है। कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन



परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता रहा है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत पहले कभी नहीं देखी। विश्व चकित है। पूरी दुनिया अचरज से सनातन संस्कृति की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को समझने की कोशिश कर रही है। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है।

महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते हैं। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शान्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतों के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है। मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे, जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की।

किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुंडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। इस संकल्पना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है। इस दिव्यता को प्रधानमंत्री माननीय मोदी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स्नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा था-'प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया।' प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रार्थनाओं में हमारी प्रार्थना के स्वर भी शामिल हैं। यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के सभी सनातनधर्मियों को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उनके शासनकाल में हमारी आस्था के प्रतीकों और धार्मिक स्थलों का पुनरूत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर, महाकाल लोक परियोजना, केदारनाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण जैसे श्रेष्ठतम कार्यों से भारत का सांस्कृतिक वैभव प्रतिष्ठित हुआ है तथा लोक आस्था के महत्व में अद्वितीय वृद्धि हुई है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह महाकुंभ उत्सव सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। मेरा मानना है कि महाकुंभ 2025 के माध्यम से जागृत हुई सनातन की यह चैतन्य धारा राष्ट्रहित में प्रवाहित होकर एक नये भारत के निर्माण में सहायक होगी।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संस्कृति
विवेक शुक्ला



# महाकुंभ में सात समंदर पार से आए भक्तों की भी उमड़ी आस्था

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ ही महाकुंभ समाप्त हो गया। पूरे कुंभ के दौरान संगम शहर में करोड़ों भक्त पहुंचे। उन भक्तों की भी संख्या अनगिनत रही जो दुनिया के कोने-कोने से डुबकी लगाने के लिए पहुंचे थे। इनमें भारतवंशियों से लेकर विदेशी शामिल थे। इस तरह दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम का रंग वैश्विक हो गया। प्रयागराज के होटलों, बाजारों और गंगा के आसपास लगातार विदेशी भक्त दिखाई देते रहे। वैश्वीकरण और इंटरनेट ने संस्कृतियों को जोड़ा है। इसके चलते महाकुंभ पर सारे संसार की निगाहें थीं। हालांकि हरेक कुंभ में विदेशी आते हैं, पर इस बार इनका आंकड़ा अनगिनत रहा। अमेरिका के न्यूयार्क शहर से 25 वर्षीय मारिया महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए संगम शहर आईं थी। "मैं यहां 15 दिनों से अधिक समय तक रहने के लिए आई हूं। यह मेरा पहला अनुभव है। मेरे देश में, मुख्य रूप से हिंदू समुदाय कुंभ के बारे में जानता है, लेकिन मुझे संदेह है कि क्या हमारे जैसे अमेरिकी इस आयोजन और इसके विशाल कैनवास के बारे में जानते हैं।' मारिया जैसे न जाने कितने विदेशी पवित्र गंगा में स्नान करने, साधुओं के विचार सुनने और इतने बड़े स्तर के आयोजन को अपनी आंखों से देखना चाह रहे थे। दिल्ली से 16 फरवरी को प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में दक्षिण अफ्रीका से कुंभ स्नान के लिए जा रहे करीब दो दर्जन भारतवंशी भी सवार थे। इनके पुरखे एक सदी से भी पहले दक्षिण अफ्रीका जाकर बस गए थे। इस टोली में पेशे से स्कूल टीचर राम पिल्ले भी थे। वे डरबन शहर में रहते हैं। डरबन को मिनी इंडिया कहा जाता है दक्षिण अफ्रीका में। राम की उम्र होगी करीब 40 साल। कह रहे थे कि पहली बार भारत आया हूं। मैं अपने पुरखों के देश में आकर कितना अच्छा महसूस कर रहा हूं, इसे बताना मेरे लिए संभव नहीं है। अब इससे ज्यादा आनंद की क्या बात हो सकती है कि मुझे कुंभ में शामिल होने का भी अवसर मिला है। भारत के बाहर से संभवतः सर्वाधिक भारतवंशी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और केन्या से कुंभ में भाग लेने के लिए आए। "मुझे साधुओं की उपस्थिति में रहने और उनके प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला है। यह अप्रतिम अनुभव रहा। यह दूसरी बार है जब मैं भारत आया हूं। मैं मानता हूं कि जनभागेदारी के लिहाज से कुंभ के सामने ओलंपिक खेल भी कुछ नहीं हैं," यह बात न्यूजीलैंड के एस. डेविड ने कही। कइयों के लिए कुंभ में आना उनके जीवन भर के अहम ख्वाब का पूरा होने जैसा है। ये लंबे समय से इस अतुलनीय आयोजन में भाग लेने की योजना बना रहे थे। 61 साल के डेरिक पीटर ने कुछ साल पहले अपना नाम बदलकर राधा श्याम रख लिया है। वे अमेरिका के शहर न्यूजर्सी से आए हुए थे। "मैं बीते करीब 20 सालों से कुंभ मेले में भाग लेने का सपना देख रहा था। मुझे एक बार कुंभ का एक ब्रोशर मिला। हालांकि मुझे भारत के बारे में बहुत कम जानकारी थी, लेकिन गंगा में खड़े हजारों अन्य लोगों के बीच एक साधु की छवि ने मेरा ध्यान खींचा। इसमें लिखा था, 'माँ गंगा में स्नान करने आओ।' उस पल, मैंने खुद से कहा, 'एक दिन, मैं वहां जाऊंगा।' अब मेरा सपना सच हुआ है, और मैं परम आनंद की स्थिति में हूं।" कहने वाले कह रहे हैं कि इस बार महाकुंभ करीब 60 से अधिक देशों के राजनयिकों और नागरिको ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर अपने जीवनसाथियों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। कोलंबिया के राजदूत विक्टर चावेरी ने कहा- 'यह मेरे जीवन का एक अद्भुत अनुभव रहा।' भारतीय संस्कृति बेहद समृद्ध है और यहां संदेश शांति और मानवता के लिए है। जब आप गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर इतने सारे लोगों को आध्यात्मिकता में डूबा हुआ देखते हैं, तो एक अजीब शक्ति महसूस होती है। इस बीच, रूसी नागरिक अलेक्जेंडर और उनकी पत्नी त्रिवेणी घाट पर ही मिले। डुबकी लगा चुके थे। कह रहे थे- 'हमें यहां स्नान करने के बाद अपार आध्यात्मिक शांति मिली। भारत बहुत विविध और इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।' प्रयागराज एयरपोर्ट में अधिकतर विदेशी दिल्ली और मुंबई के रास्ते पहुंच रहे थे। दक्षिण अफ्रीका से राम नायडू भी प्रयागराज में आए हुए थे। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश से दक्षिण अफ्रीका में जाकर बसे थे। नायडू कह रहे थे- 'हम भारतवंशियों के दिलों में बसता है भारत। कुंभ का आयोजन वास्तव में अद्भुत रहा। यहां लाखों लोग इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और मुझे यह देखकर गर्व हुआ कि हमारी भारतीय संस्कृति कितनी समृद्ध और गहरी है। हम भाग्यशाली हैं कि हम मूल रूप से भारतीय हैं।' तो कह सकते हैं कि कुंभ में सात समंदर पार से आने वाले भी कम नहीं रहे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
## दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
## प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## शिवरात्रि




*चेन्नई में गुरुवार को शिवरात्रि उत्सव के लिए निकाले गए एक जुलूस के दौरान देवी काली की पोशाक पहने एक भक्त नृत्य करती हुई।*

## आज की पाती


### स्कूली शिक्षा में मोबाइल आने से छात्रों को नुकसान

ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार छात्रों के निजी मोबाइल पर आने वाला एक छोटा सा भी नोटिफिकेशन उनके ध्यान में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। एक अन्य प्रसिद्ध शोध श्रमिकों पर 2008 में हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष दिया कि एक बार ध्यान भटकने पर, अपने मूल कार्य पर पुनः ध्यान केंद्रित करने में औसतन 23 मिनट और 15 सेकंड का समय लगता है। ऐसी ही स्थिति एक छोटे से नोटिफिकेशन के आने से विद्यार्थियों की होती है जिनके पास स्मार्टफोन हैं। कई यूरोपीय देशों जैसे बेल्जियम, स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ। भारत में मोबाइल और डिजिटल गैजेट्स के स्कूली शिक्षा में आने से बच्चों की स्मरण शक्ति क्षीण हो रही है जो शिक्षा प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है।

*- प्रतीक शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ताइवान ने सैन्य अभ्यास करने चीन की निंदा की



ताइवान ने उसके दक्षिण-पश्चिम तट पर सैन्य अभ्यास के लिए बृहस्पतिवार को चीन की निंदा की। चीन ने स्व-शासित द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट पर गोलीबारी अभ्यास करने के लिए एक क्षेत्र निर्धारित किया है। चीन इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जिसे जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक लिया जा सकता है और हाल के वर्षों में उसने ताइवान के जल एवं हवाई क्षेत्र के आसपास सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'चीन क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सबसे बड़ा संकट है तथा ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए वह एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा है।' ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि में उसने ताइवान के आसपास 45 विमानों, 14 नौसैनिक जहाजों और चीनी सेना के एक जहाज को देखा, जिनमें से 34 उसके जल और हवाई क्षेत्र में घुस आए थे। ताइवान ने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी दिए बिना कहा कि उसने इसका 'माकूल जवाब' दिया।

## ऑफ बीट

# क्वांटम नेवीगेशन यात्रा के तरीके को बदल सकता है



जीपीएस जैसी वैश्विक नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियां आधुनिक समाज में गहराई से समाहित हैं। हम नेवीगेशन, ऑर्डर की आपूर्ति करने और फोटो लोकेशन टैग करने के लिए रोजाना इनका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनका असर सुविधा से कहीं ज्यादा है। पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों से समय संकेत स्टॉक मार्केट कारोबार को प्रमाणित करते हैं और बिजली ग्रिड को संतुलित करने में मदद करते हैं। कृषि में, उपग्रह नेवीगेशन सुदूर संवेदी तकनीकों से ट्रैक्टरों के संचालन में मार्गदर्शन मिलता है और मवेशियों को इकट्ठा करने में मदद करता है। आपातकालीन सेवाएं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाता है। अपने लाभों के बावजूद, जीपीएस जैसी प्रणालियां काफी असुरक्षित हैं। उपग्रह सिग्नल जाम हो सकते हैं या उनमें हस्तक्षेप हो सकता है। अंतरिक्ष का वातावरण भी स्थिर नहीं है। सूर्य नियमित रूप से प्लाज्मा के विशाल पुंज निकालता है, जिससे सौर तूफान पैदा होते हैं। ये उत्सर्जन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं, जिससे उपग्रहों और जीपीएस संकेतों में बाधा उत्पन्न होती है।

## X ट्रेंड

### सशक्त नींव



महाकुंभ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आर्थिक विकास



सौ करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### बड़ी चीजें छोटे पैकेज में



कभी-कभी, बड़ी चीजें छोटे पैकेज में हो सकती हैं। असम में मुझे ये अहसास बहुत शिद्दत से हुआ। इसमें तेल के क्षेत्र में दुनिया का सातवां मेगा बेसिन बनाने की संभावना है। यह कई छोटे कुओं के अमेरिकी मॉडल का अनुसरण कर सकता है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### मोटापे का कारण



भारत किशोर मधुमेह की विश्व राजधानी बन गया है। शहरी जीवनशैली में बदलाव का मतलब प्रसंस्कृत भोजन और कोला की ओर बदलाव है जो मोटापे का कारण बनता है। हालांकि, कोला के विज्ञापन करने वाले स्टार्स को पैसों की ज़रूरत नहीं है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अपने आपको किसी सांचे में नहीं रखना चाहती...

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'दम लगा के हईशा' को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा 'मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।' भूमि पेडनेकर ने कहा कि 'मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी। क्योंकि, मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर प्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जा का इस्तेमाल करती हूं।' भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना कॅरियर अपरंपरागत रोल से शुरू किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं, क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहतीं।



## 30 के दशक में खूब था जलवा, बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरू किया था कॅरियर

# 6 बच्चों के पिता से एक्ट्रेस को हुआ था प्यार, बिन ब्याही मां बनी तो अपनाने से इंकार

*नई दिल्ली। यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस की दुखभरी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसने हिंदी सिनेमा को एक बड़ी सुपरस्टार दी। वह खुद भी बड़ी स्टार रही, लेकिन निजी जिंदगी में इतने जुल्म और ताने सहे कि जानकर कोई भी सिहर उठे। प्यार के हाथों मजबूर होकर इसने 6 बच्चों के बाप से शादी की थी, पर क्या पता था कि वही इसे अपनाने से इनकार कर देगा और सारे रिश्ते तोड़ लेगा। इस एक्ट्रेस की बेटी को भी पति ने नहीं अपनाया था और नाजायज करार दिया। और तो और इसके पति ने 78 साल की उम्र में तीसरी शादी कर ली थी। इस एक्ट्रेस का 30 के दशक में खूब जलवा था। इसने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर शुरू किया था और पहली ही फिल्म में छोटी सीता का किरदार निभाया था। लेकिन, साल 1947 में आई फिल्म 'मिस मालिनी' से हर तरफ छा गई थीं। इस एक्ट्रेस की दो शादियां हुईं, और दोनों ही टूट गईं। दूसरे पति ने तो इस एक्ट्रेस को पत्नी का दर्जा देने से ही इनकार कर दिया था और जिंदगी भर पाई-पाई को मोहताज रखा।*



### रंगचारी से की पहली शादी, नहीं चला रिश्ता

इनका नाम था पुष्पावल्ली, जो 30 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं और 60 के दशक तक फिल्मों में खूब काम किया। पुष्पावल्ली, एक्ट्रेस रेखा की मां थीं। उन्होंने पहली शादी साल 1940 में आई. वी. रंगचारी से की थी, पर यह रिश्ता नहीं चला और दोनों ने साल 1946 में अलग रहना शुरू कर दिया। रंगचारी से शादी के बाद पुष्पावल्ली दो बच्चों की मां बनी थीं, पर ससुरालवालों को उनका फिल्मों में काम करना पसंद नही था। इसी वजह से पुष्पावल्ली और रंगचारी के बीच मतभेद पैदा गए और दोनों अलग रहने लगे।

### 6 बच्चों के पिता जेमिनी गणेशन से किया प्यार

इसी दौरान पुष्पावल्ली की मुलाकात एक्टर जेमिनी गणेशन से हुई। दोनों ने एक फिल्म में साथ काम किया था, जिसमें उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई। इसी के बाद जेमिनी और पुष्पावल्ली एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। पुष्पावल्ली पहले से शादीशुदा और दो बच्चों की मां थीं, वहीं जेमिनी भी दो शादियां कर चुके थे और 6 बच्चों के पिता था।

### बेटियों को नाम देने से इनकार

पुष्पावल्ली ने फिर जैमिनी से शादी करने को कहा, पर उन्होंने इनकार कर दिया। और तो और बेटी रेखा को भी अपना नाम देने से इनकार कर दिया। अखबारों में जेमिनी गणेशन और पुष्पावल्ली के रिश्ते की खबरें आने के बाद रेखा को उनकी नाजायज बेटी कहा जाने लगा। पर इससे भी जेमिनी गणेशन पर फर्क नहीं पड़ा और रेखा ताउम्र पिता के प्यार को तरसती रहीं। वह अपने बाकी बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने जाते, तो रेखा को नजरअंदाज कर देते थे।

### पाई-पाई को हुईं मोहताज

पुष्पावल्ली ने बेटियों के लिए फिल्मों में काम करना जारी रखा। वह दोनों बच्चियों को सेट पर साथ ले जाती थीं। लेकिन, जल्द ही उनका फिल्मों में स्ट्रगल शुरू हो गया, और छोटे-मोटे रोल ही मिलते। स्थिति ऐसी आ गई कि पुष्पावल्ली पाई-पाई को मोहताज हो गईं। तब छोटी सी रेखा को मजबूरी में फिल्मों में आना पड़ा ताकि परिवार का गुजारा चल सके। खुद रेखा ने भी एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया था कि वह एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं, लेकिन मजबूरी उन्हें फिल्मों में ले आई।

### बिन ब्याही दो बेटियों की बनीं मां

पुष्पावल्ली ने जेमिनी गणेशन से प्यार तो किया, पर कभी उनकी पत्नी नहीं बन पाईं। जेमिनी ने पहले पति से तलाक नहीं लिया था, क्योंकि उस दौर में इसे मान्यता नहीं मिली थी। पर पति से अलग रहते हुए भी वह जेमिनी के साथ रिलेशनशिप में रहीं और बेटी रेखा को जन्म दिया। जेमिनी पहले से शादीशुदा थे, पर उन्होंने पुष्पावल्ली के लिए पत्नी को छोड़ने से इनकार कर दिया और पुष्पावल्ली संग रिश्ता रखा। इसी दौरान पुष्पावल्ली ने एक और बेटी को जन्म दिया।



**पुष्पावल्ली ने जैमिनी से तोड़ लिए सारे रिश्ते :** पुष्पावल्ली भी जेमिनी गणेशन के इस रवैये से टूट गई थीं। जेमिनी ने तो उन्हें पत्नी का दर्जा दिया और ना ही सुख। जैमिनी ने फिर गुपचुप तीसरी शादी कर ली, और उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी। इसके बाद तो पुष्पावल्ली बुरी तरह टूट गईं। उन्होंने जेमिनी के साथ अपने सारे रिश्ते-नाते तोड़ दिया। पेट पालने और दोनों बेटियों की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर आ गई।

# अनिल कपूर निर्मित माहिर की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** सुपरस्टार अनिल कपूर द्वारा निर्मित, 'बज़' मुंबई की गलियों से उभरे प्रसिद्ध टैटू कलाकार एरिक डिसूज़ा की असाधारण यात्रा को दर्शाती है युवा फ़िल्म निर्माता माहिर खान की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का बेहद मार्मिक ट्रेलर रिलीज़ हो गया है और इसमें भारत के सबसे मशहूर टैटू कलाकारों में से एक एरिक डिसूज़ा की यात्रा की झलक दिखाई गई है। अनिल कपूर फ़िल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित इस डॉक्यूमेंट्री में एरिक द्वारा मुंबई की गलियों से उभर कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाने तक के असाधारण सफ़र को दिखाया गया है। 'बज़' 28 फ़रवरी को जियो हाटस्टार पर रिलीज़ होगी। इस डॉक्यूमेंट्री को माहिर ने एक बेहद गहरे और व्यक्तिगत नज़रिए से फ़िल्माया है, जो कला, व्यक्तिगत पहचान और अदम्यता के बीच पनपते जीवन का वर्णन करता है। 'एरिक की कला सतही नहीं है। इसमें अर्थ की कई परतें हैं और हर बार जब वह अपने शिल्प का अभ्यास करते हैं , तो वह वो कुछ ऐसा कहते हैं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी होता है।' माहिर कहते हैं, जिन्हें कहानी कहने का जुनून अपने पिता और थिएटर लेखक फ़िरोज़ अब्बास खान से विरासत में मिला है। एरिक कहते हैं, 'मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं माहिर और उनके दल लिए उनकी डॉक्यूमेंट्री का विषय मात्र हूं। वे ऐसे सह-यात्री थे, जिनके दिल में मेरी कहानी के प्रति गहरा सम्मान था। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता दिखाते हुए मेरी निजी चुनौतियों और सफलता को पाने तक कि मेरी यात्रा को समझा और फिल्म में उतारा। यह डॉक्यूमेंट्री सिर्फ़ मेरी यात्रा के बारे में नहीं है, बल्कि यह कला की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में भी है। ये बताती है की कैसे कला हमें नया जीवन दे सकती है और हमें दर्द, आघात और सामाजिक बाधाओं से परे जाने में भी मदद कर सकती है।



# वो बॉलीवुड एक्ट्रेस, जो थीं राज कपूर की बहन और पहली कलर फिल्म की हीरोइन, मगर नहीं बनीं कभी मां

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस, जिसने कभी एक्ट्रेस बनने का ख्वाब नहीं देखा। लेकिन, किस्मत ऐसी पलटी की सीधे राज कपूर ने फिल्म में ले लिया और हीरोइन बना दिया। कई दशक इंडस्ट्री में राज किया और पहली टेक्नीकलर फिल्म की हीरोइन बन गईं। बरसात, आन उड़न खटोला, बसंत बहार मेरे महबूब और लव एंड गॉड जैसी फिल्मों से 1949 से 1965 तक इंडस्ट्री पर राज करने वाली एक्ट्रेस निम्मी, हमारे बीच नहीं हैं। 2020 में उनका मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 साल की थीं।



### असली नाम था नवाब बानो

निम्मी का असली नाम नवाब बानो था। इस नाम को रखने के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। खुद एक्ट्रेस ने बताया था कि उनके नाना जमींदार थे, वह ब्रिटिश सरकार से नवाब का खिताब चाहते थे, लेकिन नहीं मिला। सरकार हर बार टाल देती थी। जब निम्मी पैदा हुईं तो नानी ने नाना से कहा कि बधाई हो! बच्चा हुआ है। तो नाना ने कहा फौरन उसका नाम नवाब रख दो। नानी ने कहा कि लड़का नहीं, लड़की हुई है तो भी नाना ने कहा कि जो भी हो, लड़का हो या लड़की। उसका नवाब नाम रखो। ऐसे एक्ट्रेस का नाम नवाब बानो रखा गया।

### राज कपूर को बांधती थीं राखी

*'फिल्मफेयर' को निम्मी ने बताया था, 'शुरू में, मैं राजजी से डरती थी। मुझे सहज महसूस कराने के लिए, एक दिन उन्होंने एक कलावा लिया और कहा, क्या तुम राखी का मतलब समझती हो? इस धागे को मेरे हाथ पर बांध दो। तब से मैं हर साल राजजी को राखी बांधती हूं।'*

### बहन के बेटे को पाला

*निम्मी ने एस अली रजा से शादी की थी। इनके कोई बच्चे नहीं थे। इनके पति लेखक थे, जिनका 2007 में निधन हो गया था। हालांकि, इन्होंने अपनी बहन के बेटे को पाला था। वह उनकी मां थीं। 'मेरी छोटी बहन कम उम्र में ही गुजर गई। उसकी आखिरी इच्छा थी कि मैं उसके बेटे का पालन-पोषण करूं। इसलिए मैं परवेज को पाकिस्तान से यहां ले आई।'*

### माता-पिता और उनका काम

*निम्मी का जन्म 18 फरवरी, 1933 को आगरा के पास हुआ था। उनकी माता का नाम वहीदन बानो था, जो खुद एक फेमस सिंगर थीं। इनके पिता का नाम अब्दुल हकीम था, जो बहुत बड़े कॉन्ट्रैक्टर थे। ब्रिटिश आर्मी का कॉन्ट्रेक्ट लेते थे। लेकिन मैनेजर ने कुछ गड़बड़ कर दी, जिससे कॉन्ट्रेक्ट उनके हाथ से चला गया। फिर ये कलकत्ता आए।*

# सम्मान में बदल दिया गांव का नाम...

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता इरफान खान अपने सिनेमा के जरिए आज भी लोगों की यादों में हैं। फैंस को उनकी कमी खलती है। अभिनय के साथ-साथ वे अपनी नेकी के लिए भी मशहूर रहे। महाराष्ट्र के एक गांव ने अभिनेता को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि दी है। इस गांव के लोगों ने इरफान के याद में अपने गांव का नामकरण ही कर लिया है। इरफान खान ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के इस गांव के लोगों की खूब मदद की। अभिनेता के इस योगदान के सम्मान का गांव वालों ने अनोखा तरीका चुना। दरअसल, इगतपुरी तहसील में ऐतिहासिक त्रिलंगवाड़ी किले के पास एक मोहल्ले को पहले पटरियाचा वाडा के नाम से जाना जाता था। इसका नाम बदलकर दिवंगत अभिनेता के सम्मान में 'हीरो ची वाडी' कर दिया गया है। इसका मतलब है 'हीरो का पड़ोस'। करीब 15 वर्षों तक इरफान इस गांव में एक फार्महाउस के मालिक थे। ग्रामीण समुदाय की भी उन्होंने काफी मदद की थी। दिवंगत अभिनेता ने गांव में एंबुलेंस मुहैया कराईं। कंप्यूटर और किताबें दान कीं। खराब मौसम के दौरान बच्चों को रेनकोट और स्वेटर मुहैया कराए। उन्होंने स्कूल निर्माण के लिए भी आर्थिक सहयोग दिया।




# जैकलीन के बॉयफ्रेंड सुकेश ने एलन मस्क की कंपनी में निवेश करने की जताई इच्छा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के चर्चित बॉयफ्रेंड सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली की मंडोली जेल से ही अमेरिका के नव-निर्वाचित सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क को दो बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 200 करोड़ रुपए) निवेश करने का प्रस्ताव भेजा है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति को खुला पत्र लिखकर जैकलीन के प्रेमी ने कहा कि वह एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' में 1 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 100 करोड़ रुपए) निवेश करना चाहते हैं। बाकी 1 बिलियन डॉलर वह अगले वर्ष निवेश करना चाहते हैं। एलन मस्क को लिखे पत्र में सुकेश चंद्रशेखर ने कहा, 'हैलो एलन, गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि मैं तुरंत आपकी कंपनी 'एक्स' में 1 बिलियन डॉलर निवेश करना चाहता हूं। अगले वर्ष और 1 बिलियन डॉलर निवेश करूंगा, कुल मिलाकर 2 बिलियन डॉलर निवेश करना चाहता हूं।' सुकेश चंद्रशेखर ने अपने पत्र में एलन मस्क को 'माय मैन' कहकर संबोधित किया है। इस खुले पत्र में उन्होंने एलन मस्क की जमकर तारीफ की है और दावा किया है कि वह उनसे जीवन के कई पहलुओं में प्रेरित हुए हैं। सुकेश के अनुसार, एलन मस्क एक अत्यंत प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने जो कुछ भी अब तक हासिल किया है, वह वास्तव में अविश्वसनीय है। सुकेश चंद्रशेखर का मानना है कि अगर वह एलन मस्क के कार्यक्षेत्र का छोटा सा हिस्सा भी बन पाते हैं, तो उनके लिए इससे बड़ी कोई बात नहीं होगी। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी चर्चित गर्लफ्रेंड जैकलीन फर्नांडिस को वेलेंटाइन डे के तोहफे के रूप में एक पूरा हवाई जहाज गिफ्ट किया था।



# भारत में स्विमिंग से डरती हूं...

**मुंबई।** हाल ही में दिग्गज अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को साझा किया है। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक ट्रेंड स्वीमर हैं, जिन्हें विदेशों में तैराकी के रोमांच का अनुभव करते अक्सर देखा जाता है। लेकिन, भारत में स्विमिंग ना करने को लेकर एक्ट्रेस ने एक खुलासा किया है। सोनाक्षी ने कहा कि बड़े होने पर उन्हें हमेशा स्विमसूट पहनने में असहज महसूस हुआ। इसीलिए वह कहती हैं कि हमने मुंबई या भारत देश में स्विमिंग नहीं की। पता नहीं कब कौन चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा और इस तरह वह इंटरनेट पर जा छा जाएगी। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें उनके वजन को लेकर अभिनय के लिए मना कर दिया था। वह कहती हैं कि इस बात का उन्हें बहुत बुरा लगा था, फिर घर जाते ही वह अपने मासी से लिपटकर रोने लगी थी।



## टीवी मसाला



# तेजस्वी प्रकाश बन गईं 'पू' उषा नाडकर्णी पर गिरेगी गाज!

**नई दिल्ली।** सोनी टीवी पर टेलिकास्ट होने वाला कुकिंग शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसमें मिलने वाले चैलेंज के अलावा कंटेस्टेंट्स की आपस में लड़ाई, फराह खान के बयान और दीपिका कक्कड़ का शो छोड़ना... इन सबको लेकर खूब चर्चा हुई है। लेटेस्ट रिपोर्ट ये है कि आयशा जुल्का के बाद अब एक और एविक्शन होने वाला है। इसके अलावा तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो 'कभी खुशी कभी गम' की पू यानी करीना कपूर की तरह स्टाइल और डायलॉग मारती दिख रही हैं। पहले आपको तेजस्वी प्रकाश का फनी वीडियो दिखाते हैं। इसमें वो वैनिटी वैन में हैं और मेकअप करवा रही हैं। तभी क्रू मेंबर उन्हें आने के लिए कहता है तो वो पू के स्टाइल में बोलती हैं, 'ये कौन है सुबह-सुबह जो पू को डिस्टर्ब कर रहा है, जल्दी कहो मेरे पास टाइम नहीं है।' इसके बाद तेजस्वी उसी अंदाज में और भी कई डायलॉग्स बोलती हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'प्लीज डोंट डिस्टर्ब ओके।' इस शो से जो बड़ी खबर सामने आ रही है, वो ये है कि आयशा जुल्का के बाद एक और एविक्शन होने वाला है। बताया जा रहा है कि दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को बाहर कर दिया गया है।

# 'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे' सिकंदर का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, 'इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो, फायदे में रहोगे'। टीजर में सलमान खान एक्शन करते दिखे हैं।



## 'एक बदनाम आश्रम सीजन 3' का दूसरा पार्ट रिलीज

**नई दिल्ली।** जिस घड़ी का फैंस को इंतजार था, आखिर वो आ ही गई। बॉबी देओल की फेमस वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सीजन का पार्ट 2 रिलीज हो गया है। 27 फरवरी को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 5 एपिसोड स्ट्रीम कर दिए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी प्रकाश झा के वेब शो की चर्चा होने लगी है। एक फैन ने ट्वीट किया, 'बाबा निराला की सदा ही जय हो। आश्रम 3 पार्ट 2 सुपर्ब है। एक भी सिंगल डल मोमेंट नहीं है। बॉबी देओल ने लाइमलाइट चुरा ली है। उम्मीद है कि चौथा सीजन भी होगा।' 'आश्रम' वेब सीरीज का पहला और दूसरा सीजन दोनों ही साल 2020 में रिलीज किए गए थे। इसके बाद दूसरा सीजन साल 2022 में आया। तबसे ही फैंस अगले पार्ट के लिए बेकरार थे। कहा जा रहा है कि इस सीजन में वो हुआ है, जो पिछले तीन सीजन में नहीं हुआ।






# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

## आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्रान्तर्गत प्रस्तावित मदननगर ओ.सी. परियोजना हेतु जिला सूरजपुर के अन्तर्गत ग्राम कनकनगर एवं जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के अन्तर्गत ग्राम चउरा की भूमि का अधिग्रहण सी.बी.ए. (ए. एंड डी.) एक्ट 1957 के तहत् भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, द्वारा धारा 9(1) अधिसूचना का प्रकाशन भारत का राजपत्र में दिनांक 20.11.2023 को किया गया है। ग्राम कनकनगर की अधिग्रहित भूमि के 194 भूस्वामियों की भूमि का मुआवजा राशि की स्वीकृति एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर द्वारा पत्र क्रमांक– एसईसीएल/बीएसपी/एल एंड आर/01/2024/ई–1613343 दिनांक 27.12.2024 से की गयी है। ग्राम कनकनगर की अधिग्रहित भूमि के समस्त भू–स्वामियों को सलाह दी जाती है कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा प्राप्त करने हेतु आवेदन कार्यालय महाप्रबंधक, भटगांव क्षेत्र के मदननगर ओ.सी.पी. विभाग में आवश्यक दस्तावेजों यथा अधिग्रहण के समय एवं वर्तमान समय का बी–1, पी–II की सत्यापित प्रति, ऋण–पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्व हस्ताक्षरित प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर मुआवजा का भुगतान प्राप्त कर सकते है। ताकि यथाशीघ्र मुआवजा राशि का भुगतान संबंधित भूस्वामियों के खाते की किया जा सके।

### मदननगर खुली खदान कोयला परियोजना

(अ)– निजी भूमि ग्राम–कनकनगर

| S.N. | Name Father/ Husband Name/Caste | Khata No. | Plot No. | Total Area of plot (in Ha) | Total area acquired (in Ha) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अंकित कुमार दुबे पिता बी.डी. दुबे जाति ब्राम्हण | 1 | 265/6 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 2 | अंकित राजा पिता मनोज कुमार जाति कलवार | 2 | 257/5 | 0.07 | 0.07 |
| | | 2 | 263/5 | 0.05 | 0.05 |
| | | 2 | 265/5 | 0.03 | 0.03 |
| | | 2 | 271/2 | 0.28 | 0.28 |
| | | Total= | | 0.43 | 0.43 |
| 3 | अंजली सोनी पति विकाश कुमार सोनी जाति सुनार | 4 | 117/6 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 4 | अंजू गुप्ता पति असरफीलाल गुप्ता जाति रौनियार | 3 | 349/1 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 5 | अखिल कुमार पिता रामशरण सोनवानी रामशरण सोनवानी पिता शिवराम जाति चेरवा | 146 | 7/1 | 0.44 | 0.44 |
| | | Total= | | 0.44 | 0.44 |
| 6 | अजीत कुमार सिंह पिता अयोध्या सिंह जाति गोंड | 5 | 332/1 | 0.11 | 0.11 |
| | | 5 | 333/1 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.13 | 0.13 |
| 7 | अतवारो पिता विशुन, केलाशो पिता विशुन जाति पण्डो | 6 | 132 | 0.68 | 0.68 |
| | | Total= | | 0.68 | 0.68 |
| 8 | अनिमा भगत पिता पालेश्वर राम जाति उरांव | 7 | 293/1 | 0.28 | 0.28 |
| | | 7 | 313/1 | 0.06 | 0.06 |
| | | Total= | | 0.34 | 0.34 |
| 9 | अनिल पिता नेपाल मंगली सुशीला फुलमनिया पुत्री नेपाल जाति पण्डो | 8 | 98 | 0.47 | 0.47 |
| | | 9 | 107 | 0.57 | 0.57 |
| | | 9 | 115 | 0.30 | 0.30 |
| | | 9 | 165 | 0.69 | 0.69 |
| | | Total= | | 2.03 | 2.03 |
| 10 | अपीलाल पिता समहित जाति बरगाह | 10 | 306 | 0.34 | 0.34 |
| | | Total= | | 0.34 | 0.34 |
| 11 | अमन सिंह पिता सिकंदर सिंह जाति क्षत्रिय | 11 | 130/10 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 12 | अमन सिंह पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 326 | 130/14 | 0.08 | 0.08 |
| | | Total= | | 0.08 | 0.08 |
| 13 | अमरजीत पिता तीरथ प्रसाद जाति गोंड | 12 | 252/1 | 0.49 | 0.49 |
| | | Total= | | 0.49 | 0.49 |
| 14 | अमरजीत पिता तीरथ लाल उर्मिला पिता तिरथलाल जाति गोंड | 13 | 161/1 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.03 | 0.03 |
| 15 | अम्मिलाल पिता सम्भित जाति बरगाह | 14 | 250 | 0.75 | 0.75 |
| | | 14 | 317/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 1.15 | 1.15 |
| 16 | अयोध्या सिंह पिता महाबीर सिंह जाति गोंड | 15 | 308 | 0.29 | 0.29 |
| | | Total= | | 0.29 | 0.29 |
| 17 | अर्चना भगत पति पालेश्वर राम जति उरांव | 16 | 293/2 | 0.29 | 0.29 |
| | | 16 | 313/6 | 0.05 | 0.05 |
| | | Total= | | 0.34 | 0.34 |
| 18 | अविनाश कुमार पिता विरेंद्र सिंह जाति क्षत्रिय | 17 | 117/4 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 19 | अविनाश पिता नरेन्द्र पटेल जाति कुनबी | 18 | 275/2 | 0.80 | 0.80 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 20 | अशोक गुप्ता पिता रामप्रसाद गुप्ता जाति रौनियार | 19 | 261/1 | 0.15 | 0.15 |
| | | Total= | | 0.15 | 0.15 |
| 21 | आभा गुप्ता पिता जगदीश गुप्ता जाति रौनियार | 20 | 3/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 22 | आयामपति पिता अमृत, ननकी पिता लंगड़ा कुमरी पुत्री लंगड़ा जाति बरगाह | 21 | 276 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 23 | आलोक पिता अर्जुन जाति उरांव | 22 | 97/2 | 0.37 | 0.37 |
| | | 22 | 149/3 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.57 | 0.57 |
| 24 | इकरामुदीन पिता मुख्तार जाति मुसलमान | 23 | 314/1 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 25 | इन्द्रासो पति पवनसाय जाति गोंड | 25 | 184/3 | 0.19 | 0.19 |
| | | 25 | 185/3 | 0.25 | 0.25 |
| | | 25 | 313/3 | 0.06 | 0.06 |
| | | 25 | 319/3 | 0.28 | 0.28 |
| | | 25 | 347/3 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 26 | उर्मिला सिंह पिता सुमेर सिंह जाति गोंड | 329 | 173/2 | 0.16 | 0.16 |
| | | 333 | 174/3 | 0.24 | 0.24 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 27 | कनिलाल पन्नुलाल शिवबालक पिता बुधन जाति गोंड | 30 | 18 | 0.20 | 0.20 |
| | | 30 | 19 | 0.15 | 0.15 |
| | | 30 | 77 | 0.07 | 0.07 |
| | | 30 | 79 | 0.20 | 0.20 |
| | | 30 | 93 | 0.17 | 0.17 |
| | | Total= | | 0.79 | 0.79 |
| 28 | केंदिया पिता परमेश्वर सोनामति पिता परमेश्वर सोनसाय पिता परमेश्वर जाति गोंड | 29 | 9 | 0.20 | 0.20 |
| | | 29 | 80 | 0.25 | 0.25 |
| | | 29 | 92 | 0.08 | 0.08 |
| | | 29 | 95 | 0.17 | 0.17 |
| | | Total= | | 0.70 | 0.70 |
| 29 | केशोप्रसाद पिता महावीर जाति गोंड | 31 | 181/2 | 0.67 | 0.67 |
| | | 32 | 279 | 0.10 | 0.10 |
| | | 32 | 298/1 | 0.09 | 0.09 |
| | | 32 | 304 | 0.08 | 0.08 |
| | | Total= | | 0.94 | 0.94 |
| 30 | केशोप्रसाद पिता महावीर, सुमेर सिंह पिता महावीर जाति गोंड | 32 | 181/1 | 0.89 | 0.89 |
| | | Total= | | 0.89 | 0.89 |
| 31 | कैलाश कुमार पिता कुंवर साय जाति अनुसूचित जनजाति | 323 | 116/12 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 32 | गायत्री पति अनिल सिंह जाति गोंड | 34 | 184/2 | 0.19 | 0.19 |
| | | 34 | 185/2 | 0.25 | 0.25 |
| | | 34 | 319/2 | 0.27 | 0.27 |
| | | 34 | 340/1 | 0.07 | 0.07 |
| | | 34 | 347/2 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 33 | गौरव पिता दीपक कुमार जयसवाल जाति जायसवाल | 35 | 442/1 | 0.14 | 0.14 |
| | | Total= | | 0.14 | 0.14 |
| 34 | गौरव पिता श्रवण कुमार जयसवाल जाति जायसवाल | 36 | 442/2 | 0.14 | 0.14 |
| | | Total= | | 0.14 | 0.14 |
| 35 | घनश्याम पिता रुदन जाति रजवार | 37 | 219/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 36 | घुरन पिता बुधन जाति गोंड | 38 | 283/1 | 0.28 | 0.28 |
| | | Total= | | 0.28 | 0.28 |
| 37 | चंचला तिवारी पति सतीश कुमार तिवारी जाति ब्राम्हण | 39 | 117/8 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 38 | चमरसाय पिता रामसाय जाति गोंड | 43 | 103/1 | 0.14 | 0.14 |
| | | 43 | 106/1 | 0.86 | 0.86 |
| | | Total= | | 1.00 | 1.00 |
| 39 | चमरसाय पिता रामसाय सगु पिता रामसाय सुखबारो पिता रामसाय मनमेत पति रामसाय जाति गोंड | 42 | 68 | 0.19 | 0.19 |
| | | 42 | 105 | 0.62 | 0.62 |
| | | 42 | 125 | 1.30 | 1.30 |
| | | 42 | 222 | 0.31 | 0.31 |
| | | 42 | 270 | 1.00 | 1.00 |
| | | Total= | | 3.42 | 3.42 |
| 40 | चमरसाय पिता सोधन जाति उरांव | 44 | 12/2 | 0.07 | 0.07 |
| | | 44 | 16 | 0.74 | 0.74 |
| | | Total= | | 0.81 | 0.81 |
| 41 | चमरु रामगोपाल पिता बिकुल लालो बुढिया गेदी पिता बिकुल जाति गोंड | 41 | 233 | 0.89 | 0.89 |
| | | 40 | 239 | 0.24 | 0.24 |
| | | 40 | 280 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 1.33 | 1.33 |
| 42 | चिंता देवी पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति रौनियार | 47 | 257/4 | 0.07 | 0.07 |
| | | 47 | 263/4 | 0.05 | 0.05 |
| | | 47 | 265/4 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.15 | 0.15 |
| 43 | चिंता देवी पिता भागीरथी जाति रौनियार | 48 | 117/2 | 0.47 | 0.47 |
| | | 45 | 130/1 | 0.53 | 0.53 |
| | | 46 | 253 | 0.26 | 0.26 |
| | | 46 | 257/3 | 0.08 | 0.08 |
| | | 46 | 258 | 0.31 | 0.31 |
| | | 46 | 263/3 | 0.05 | 0.05 |
| | | 46 | 264 | 0.05 | 0.05 |
| | | 46 | 265/3 | 0.03 | 0.03 |
| | | 46 | 348 | 0.23 | 0.23 |
| | | 46 | 350 | 0.02 | 0.02 |
| | | 46 | 351 | 0.13 | 0.13 |
| | | Total= | | 2.16 | 2.16 |
| 44 | चैनदास महंत पिता औरा दास जाति पनिका | 208 | 117/5 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 45 | जमुनाराम पिता फुस्सा जाति पण्डो | 49 | 127/1 | 0.33 | 0.33 |
| | | Total= | | 0.33 | 0.33 |
| 46 | जीवन लाल तिग्गा पिता लखन तिग्गा, संगीता मिंज पति रामलखन मिंज जाति उरांव | 52 | 220/1 | 0.39 | 0.39 |
| | | Total= | | 0.39 | 0.39 |
| 47 | जूठन पिता दूरु सोमारिया पति हीरामन जाति लोहार | 222 | 353 | 0.37 | 0.37 |
| | | Total= | | 0.37 | 0.37 |
| 48 | जोखू पिता रबी जाति बरगाह | 53 | 326 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.20 | 0.20 |
| 49 | ज्योति गुप्ता पिता जगदीश गुप्ता जाति रौनियार | 51 | 229/1 | 0.26 | 0.26 |
| | | 50 | 229/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.66 | 0.66 |
| 50 | झिंगा पिता जुठन जाति गोंड | 54 | 220/2 | 0.38 | 0.38 |
| | | Total= | | 0.38 | 0.38 |
| 51 | दिलबस पिता बुधराम जाति गोंड | 56 | 14 | 0.24 | 0.24 |
| | | 56 | 74 | 1.78 | 1.78 |
| | | Total= | | 2.02 | 2.02 |
| 52 | दीपक कुमार सिंह पिता रामजीत सिंह, ना.बा. प्रकाश सिंह की ओर से पिता व वली रामजीत सिंह पिता शिवमंगल सिंह जाति गोंड | 57 | 278/3 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 53 | देवेन्द्र कुमार पिता हटकेश्वर जाति अहीर | 55 | 314/3 | 1.00 | 1.00 |
| | | Total= | | 1.00 | 1.00 |
| 54 | धरमजीत, रामजीत, बीरबल पिता सुद्धू जाति बरगाह | 58 | 331/6 | 0.16 | 0.16 |
| | | Total= | | 0.16 | 0.16 |
| 55 | धरमसाय पिता भगत बुधनी बेवा भगत जाति गोंड | 59 | 289 | 0.18 | 0.18 |
| | | 59 | 339(p) | 3.60 | 3.20 |
| | | 60 | 344 | 0.05 | 0.05 |
| | | Total= | | 3.83 | 3.43 |
| 56 | नधिरा पिता अमरसाय जाति गोंड | 61 | 116/1 | 0.41 | 0.41 |
| | | Total= | | 0.41 | 0.41 |
| 57 | ना बा केशव प्रसाद ना बा दिनेश ना बा सुखसागर ना बा सकल ना बा विमला पिता रामकुमार पालक जुकमैन बेवा रामकुमार जाति गोंड | 62 | 70/1 | 0.28 | 0.28 |
| | | 62 | 102/1 | 0.10 | 0.10 |
| | | 63 | 129 | 2.05 | 2.05 |
| | | 63 | 136 | 0.30 | 0.30 |
| | | 63 | 143 | 0.31 | 0.31 |
| | | 63 | 147 | 0.34 | 0.34 |
| | | Total= | | 3.38 | 3.38 |
| 58 | नानसाय पिता देवशरण जाति लोहार | 65 | 219/4 | 0.05 | 0.05 |
| | | 65 | 261/3 | 0.04 | 0.04 |
| | | 65 | 362/3 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.11 | 0.11 |
| 59 | नानसाय पिता मधु जाति पण्डो | 64 | 120/2 | 0.80 | 0.80 |
| | | 64 | 128/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | 64 | 131/2 | 0.80 | 0.80 |
| | | Total= | | 2.00 | 2.00 |
| 60 | नावेद पिता बुदई जाति मुसलमान | 66 | 314/2 | 1.00 | 1.00 |
| | | Total= | | 1.00 | 1.00 |
| 61 | निखिल मिश्रा पिता मारुती नंदन मिश्रा जाति ब्राम्हण | 67 | 130/4 | 0.40 | 0.40 |
| | | 67 | 356/1(p) | 0.40 | 0.25 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.65 |
| 62 | निर्मला पति अयोध्या सिंह जाति गोंड | 68 | 332/2 | 0.07 | 0.07 |
| | | 68 | 333/3 | 0.05 | 0.05 |
| | | 68 | 336 | 0.30 | 0.30 |
| | | Total= | | 0.42 | 0.42 |
| 63 | पंडित पिता परमेश्वर कनिलाल पन्नू शिवबालक पिता बुधन चंदर सुधन पिता परमेश्वर जाति गोंड | 69 | 83 | 0.19 | 0.19 |
| | | 69 | 84 | 0.43 | 0.43 |
| | | 69 | 87 | 0.44 | 0.44 |
| | | 69 | 88 | 0.11 | 0.11 |
| | | 69 | 89 | 0.25 | 0.25 |
| | | 69 | 90 | 0.57 | 0.57 |
| | | 69 | 230 | 1.25 | 1.25 |
| | | 69 | 236 | 1.18 | 1.18 |
| | | Total= | | 4.42 | 4.42 |
| 64 | परमेंन पिता जो. रामकुमार जाति उरांव | 74 | 238/2 | 0.44 | 0.44 |
| | | 74 | 300 | 0.17 | 0.17 |
| | | 74 | 301 | 0.02 | 0.02 |
| | | 74 | 302 | 0.18 | 0.18 |
| | | Total= | | 0.81 | 0.81 |
| 65 | परमेश्वर पिता देवशरण जाति लोहार | 75 | 219/3 | 0.05 | 0.05 |
| | | 75 | 261/2 | 0.04 | 0.04 |
| | | 75 | 362/2 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.11 | 0.11 |
| 66 | पवन कुमार सिंह पिता रामस्वारत सिंह जाति क्षत्रिय | 80 | 130/12 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 67 | पीर मोहम्मद खान पिता मोसाफर खान जाति मुसलमान | 267 | 349/3 | 0.80 | 0.80 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 68 | पुनीत कुमार सिंह पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 325 | 130/13 | 0.36 | 0.36 |
| | | Total= | | 0.36 | 0.36 |
| 69 | प्यारो बाई पिता बोधन जाति गोंड | 70 | 70/4 | 0.28 | 0.28 |
| | | 70 | 102/5 | 0.10 | 0.10 |
| | | Total= | | 0.38 | 0.38 |
| 70 | प्रताप सिंह, जगदीश सिंह पिता फागूराम जाति गोंड | 71 | 116/6 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 71 | प्रभा गुप्ता पति अमन गुप्ता जाति रौनियार | 73 | 271/1 | 0.73 | 0.73 |
| | | Total= | | 0.73 | 0.73 |
| 72 | प्रभु पिता पोटू प्रषोतम पिता पोटू जाति बरगाह | 72 | 241 | 0.36 | 0.36 |
| | | Total= | | 0.36 | 0.36 |
| 73 | प्रशोतम पिता टुइला जाति गोंड | 79 | 20 | 0.17 | 0.17 |
| | | 79 | 24/1 | 0.49 | 0.49 |
| | | 79 | 73 | 0.41 | 0.41 |
| | | Total= | | 1.07 | 1.07 |
| 74 | प्रियंका भगत पिता बुधनाथ भगत जाति उरांव | 77 | 162/3 | 0.22 | 0.22 |
| | | 77 | 313/5 | 0.12 | 0.12 |
| | | Total= | | 0.34 | 0.34 |
| 75 | प्रीति सागर महंत पिता कृष्णा दास जाति पनिका | 78 | 117/1 | 0.17 | 0.17 |
| | | Total= | | 0.17 | 0.17 |
| 76 | प्रेमसाय पिता अमरसाय जाति पण्डो | 76 | 101 | 0.44 | 0.44 |
| | | 76 | 151 | 0.24 | 0.24 |
| | | Total= | | 0.68 | 0.68 |
| 77 | फिट्टू पिता समल जाति बरगाह | 88 | 331/1 | 0.13 | 0.13 |
| | | Total= | | 0.13 | 0.13 |
| 78 | फुलसाय जतिन पोटू पिता सोमारु जाति गोंड | 83 | 311 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.20 | 0.20 |
| 79 | फुलसाय पिता नंदा जाति गोंड | 85 | 12/1 | 0.52 | 0.52 |
| | | 85 | 26 | 0.51 | 0.51 |
| | | Total= | | 1.03 | 1.03 |
| 80 | फुलसाय, रुपन, जीतन, गौऊटू पिता सोमारु जाति गोंड | 86 | 309 | 0.24 | 0.24 |
| | | Total= | | 0.24 | 0.24 |
| 81 | फूलकुमारी पति चेतराम जाति उरांव | 81 | 112/5 | 0.34 | 0.34 |
| | | 81 | 216/5 | 0.34 | 0.34 |
| | | 81 | 269/5 | 0.14 | 0.14 |
| | | 81 | 299/2 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.85 | 0.85 |
| 82 | बलराज गिरी पिता मोहर गिरी जाति ब्राम्हण | 97 | 130/7 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 83 | बसंत कुजूर पिता चेतराम जाति उरांव | 99 | 112/1 | 0.34 | 0.34 |
| | | 99 | 216/1 | 0.34 | 0.34 |
| | | 99 | 269/1 | 0.15 | 0.15 |
| | | 99 | 298/2 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.86 | 0.86 |
| 84 | बसंत कुमार पिता चेतराम जाति उरांव | 100 | 24/2 | 0.19 | 0.19 |
| | | 100 | 25 | 0.22 | 0.22 |
| | | 156 | 238/1 | 0.39 | 0.39 |
| | | 98 | 355/2(p) | 2.60 | 2.56 |
| | | Total= | | 3.40 | 3.36 |
| 85 | बाबूलाल पिता गिरधारी जाति गोंड | 101 | 242/2 | 0.06 | 0.06 |
| | | 101 | 249/2 | 0.15 | 0.15 |
| | | 101 | 310/2 | 0.11 | 0.11 |
| | | 101 | 337/2 | 0.45 | 0.45 |
| | | Total= | | 0.77 | 0.77 |
| 86 | बालमुनी पति कलवंत सिंह जाति गोंड | 102 | 162/2 | 0.05 | 0.05 |
| | | 102 | 166 | 0.75 | 0.75 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 87 | बितन अर्जुन पिता रति जाति गोंड | 103 | 85 | 0.80 | 0.80 |
| | | 103 | 224 | 0.10 | 0.10 |
| | | 103 | 226 | 0.37 | 0.37 |
| | | 103 | 227 | 0.12 | 0.12 |
| | | Total= | | 1.39 | 1.39 |
| 88 | बिनो राम पिता कोके जाति उरांव | 159 | 97/1 | 0.37 | 0.37 |
| | | 159 | 149/2 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.57 | 0.57 |
| 89 | बिनोद कुमार सिंह पिता राम शंकर सिंह जाति कुनबी | 160 | 335/2 | 0.80 | 0.80 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 90 | बिरसाय पिता सुंदरा पियारो बाई बेवा सुंदरा दलपति बेवा मोहरसाय सोहर पिता रबी जाति अगरिया | 106 | 262 | 0.58 | 0.58 |
| | | Total= | | 0.58 | 0.58 |
| 91 | बिहारी पिता काशी जाति बरगाह | 105 | 331/3 | 0.13 | 0.13 |
| | | Total= | | 0.13 | 0.13 |
| 92 | बुटिराम पिता करमा जाति उरांव | 90 | 355/1(p) | 1.60 | 1.56 |
| | | Total= | | 1.60 | 1.56 |
| 93 | बुढिया पिता थऊला जाति बरगाह | 92 | 275/1 | 0.52 | 0.52 |
| | | 92 | 317/1 | 0.36 | 0.36 |
| | | 92 | 334/1 | 0.13 | 0.13 |
| | | 92 | 354 | 0.24 | 0.24 |
| | | Total= | | 1.25 | 1.25 |
| 94 | बुदरु बिसुन मुंडा झोरहीन पिता सुखी मुटकी पिता सुखी जाति अगरिया | 94 | 303 | 0.18 | 0.18 |
| | | 94 | 366 | 0.31 | 0.31 |
| | | 93 | 367(p) | 0.73 | 0.24 |
| | | Total= | | 1.22 | 0.73 |
| 95 | बुधी पति भगत, धरम साय पिता भगत जाति गोंड | 60 | 282 | 2.20 | 2.20 |
| | | 60 | 292 | 0.32 | 0.32 |
| | | 60 | 296 | 0.48 | 0.48 |
| | | 60 | 305 | 0.67 | 0.67 |
| | | Total= | | 3.67 | 3.67 |
| 96 | बूढन पिता सुखन मानिकचंद पिता हंसराज प्रवीण सोनू पिता धुकधारी जाति गोंड | 91 | 50 | 0.62 | 0.62 |
| | | Total= | | 0.62 | 0.62 |
| 97 | बोधन पिता गोरेलाल जाति गोंड | 107 | 27/1 | 0.60 | 0.60 |
| | | Total= | | 0.60 | 0.60 |
| 98 | भूखन बोधन पिता फागु रेमतिया दुखनी पिता फागु जाति बरगाह | 108 | 316 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 99 | मंगलसाय पिता दुहन सुखमन पिता बेगा जाति गोंड | 110 | 217 | 2.89 | 2.89 |
| | | Total= | | 2.89 | 2.89 |
| 100 | मंगलसाय सनेप्रकाश पिता सतन अनिल पिता नेपाल सुसीला पिता नेपाल दीनो पिता हडकू जाति पण्डो | 111 | 120/1 | 0.43 | 0.43 |
| | | 111 | 131/1 | 2.02 | 2.02 |
| | | Total= | | 2.45 | 2.45 |
| 101 | मगरु पिता बंधू जाति पण्डो | 109 | 108 | 0.22 | 0.22 |
| | | Total= | | 0.22 | 0.22 |
| 102 | मदन पिता महावीर अयोध्या पिता महावीर जाति गोंड | 112 | 243 | 0.21 | 0.21 |
| | | 112 | 247 | 0.70 | 0.70 |
| | | 112 | 248 | 0.16 | 0.16 |
| | | 112 | 297 | 0.24 | 0.24 |
| | | 112 | 321 | 0.33 | 0.33 |
| | | 112 | 324 | 0.25 | 0.25 |
| | | 112 | 327 | 0.46 | 0.46 |
| | | 112 | 328 | 0.12 | 0.12 |
| | | Total= | | 2.47 | 2.47 |
| 103 | मनोज कुमार पिता बेशाखू राम जाति सतनामी | 114 | 117/7 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 104 | महेश कुमार भगत पिता चेतराम जाति उरांव | 115 | 112/3 | 0.34 | 0.34 |
| | | 115 | 216/3 | 0.34 | 0.34 |
| | | 115 | 269/3 | 0.14 | 0.14 |
| | | 115 | 298/3 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.85 | 0.85 |
| 105 | माटू देवशरण रामशरण पिता बोलवा बिहानी बेवा बोलवा जाति बरगाह | 116 | 245 | 0.47 | 0.47 |
| | | 116 | 312 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.67 | 0.67 |
| 106 | मीरजन पिता थुलन जाति उरांव | 117 | 121 | 0.37 | 0.37 |
| | | 117 | 145 | 1.19 | 1.19 |
| | | Total= | | 1.56 | 1.56 |
| 107 | मोहरसाय पिता भेंदा जाति गोंड | 118 | 69/1 | 1.62 | 1.62 |
| | | Total= | | 1.62 | 1.62 |
| 108 | मोहित लाल पिता अमरनाथ जाति कंवर | 119 | 252/4 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 109 | योगेश कुमार तिवारी पिता ब्रम्ह देव तिवारी जाति ब्राम्हण | 120 | 219/8 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 110 | रंजीत कुमार पिता प्रणय कुमार जाति गोंड | 311 | 116/7 | 0.32 | 0.32 |
| | | 311 | 161/2 | 0.60 | 0.60 |
| | | Total= | | 0.92 | 0.92 |
| 111 | रघुबरन पिता दशरथ जाति गोंड | 121 | 58 | 2.02 | 2.02 |
| | | Total= | | 2.02 | 2.02 |
| 112 | रमपाल रामचंदर पिता भूखन रुपनी राधा पिता भूखन रामसागर जयराम पिता बोधन रुदनी प्याजो पिता बोधन बैगीन बेवा सुधन जाति गोंड | 126 | 110 | 0.55 | 0.55 |
| | | 126 | 237 | 0.20 | 0.20 |
| | | 126 | 240 | 0.24 | 0.24 |
| | | 126 | 320 | 0.36 | 0.36 |
| | | Total= | | 1.35 | 1.35 |
| 113 | रविचंद पिता सुबल जाति उरांव | 127 | 7/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 114 | रश्मि तिर्की पिता चेतराम जाति उरांव | 129 | 112/4 | 0.34 | 0.34 |
| | | 129 | 216/4 | 0.34 | 0.34 |
| | | 129 | 269/4 | 0.14 | 0.14 |
| | | 128 | 352/2 | 0.03 | 0.03 |
| | | Total= | | 0.85 | 0.85 |
| 115 | राजेन्द्र प्रसाद पिता मैनलाल नरेश प्रसाद पिता मैनलाल कोशल कुमार पिता मैनलाल पूनम पिता मैनलाल शांति देवी पति मैनलाल जाति गोंड | 131 | 338(p) | 0.18 | 0.09 |
| | | 131 | 343 | 0.33 | 0.33 |
| | | Total= | | 0.51 | 0.42 |
| 116 | राधिका सिंह पिता अयोध्या सिंह जाति गोंड | 132 | 333/2 | 0.43 | 0.43 |
| | | Total= | | 0.43 | 0.43 |
| 117 | रामकुमारी सिंह पति श्यामफल जाति गोंड | 133 | 184/1 | 0.19 | 0.19 |
| | | 133 | 185/1 | 0.25 | 0.25 |
| | | 133 | 313/2 | 0.04 | 0.04 |
| | | 133 | 319/1 | 0.27 | 0.27 |
| | | 133 | 347/1 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.77 | 0.77 |
| 118 | रामकृपाल सोनी पिता लक्ष्मण प्रसाद सोनी जाति सोनार | 235 | 117/10 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 119 | रामचंद हरिश्चंद पिता वीरसाय जाति गोंड | 135 | 257/1 | 0.08 | 0.08 |
| | | 135 | 263/1 | 0.06 | 0.06 |
| | | 135 | 265/1 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.18 | 0.18 |
| 120 | रामचंद हरिश्चंद पिता वीरसाय सोमारी बेवा वीरसाय जाति बरगाह | 136 | 3/1 | 0.14 | 0.14 |
| | | Total= | | 0.14 | 0.14 |
| 121 | रामचंद हरिश्चंद पिता सुंदरा पियारो बेवा सुंदरा जाति बरगाह | 134 | 11 | 0.39 | 0.39 |
| | | Total= | | 0.39 | 0.39 |
| 122 | रामनाथ पिता कारी, गिरधारी पिता रामनाथ जाति गोंड | 139 | 274 | 3.30 | 3.30 |
| | | 139 | 329 | 1.39 | 1.39 |
| | | 139 | 330 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 4.73 | 4.73 |
| 123 | रामभजन पिता भारत जाति चेरवा | 141 | 102/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 124 | राममंजुन पिता फुस्सा जाति पण्डो | 142 | 127/2 | 0.33 | 0.33 |
| | | Total= | | 0.33 | 0.33 |
| 125 | रामरुप दुखना रघुवीर मुकल पिता अमरसाय जाति पण्डो | 143 | 104 | 1.42 | 1.42 |
| | | 143 | 152 | 1.21 | 1.21 |
| | | 143 | 155 | 0.49 | 0.49 |
| | | Total= | | 3.12 | 3.12 |
| 126 | रामशरण सोनवानी पिता शिवराम अजीत राम पिता रामशरण जाति चेरवा | 145 | 7/3 | 0.45 | 0.45 |
| | | Total= | | 0.45 | 0.45 |
| 127 | राहुल कुमार सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाति क्षत्रिय | 337 | 362/1 | 0.22 | 0.22 |
| | | Total= | | 0.22 | 0.22 |
| 128 | रुदनी पिता बोधन जाति गोंड | 124 | 70/3 | 0.28 | 0.28 |
| | | 124 | 102/4 | 0.10 | 0.10 |
| | | Total= | | 0.38 | 0.38 |
| 129 | रुपा पिता देवशरण जाति लोहार | 125 | 219/5 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.20 | 0.20 |
| 130 | रोहित कुमार सिंह पिता राना प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 149 | 130/6 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 131 | लुरन पिता बुधन जाति गोंड | 151 | 144/2 | 0.24 | 0.24 |
| | | 151 | 283/2 | 0.27 | 0.27 |
| | | Total= | | 0.51 | 0.51 |
| 132 | वंश कुमार पिता सोनसाय जाति गोंड | 155 | 184/4 | 0.18 | 0.18 |
| | | 155 | 185/4 | 0.26 | 0.26 |
| | | 155 | 313/4 | 0.02 | 0.02 |
| | | 155 | 319/4 | 0.28 | 0.28 |
| | | 155 | 340/2 | 0.04 | 0.04 |
| | | 155 | 347/4 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 133 | वहीदा पति एकराम जाति मुसलमान | 157 | 219/1 | 0.13 | 0.13 |
| | | 157 | 359/1(p) | 0.17 | 0.12 |
| | | 157 | 360/1(p) | 0.10 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.27 |
| 134 | विजय सिंह पिता सुमेर सिंह जाति गोंड | 328 | 173/1 | 0.16 | 0.16 |
| | | 332 | 174/2 | 0.24 | 0.24 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 135 | विमल कुमार पिता रघुबरन जाति गोंड | 161 | 70/2 | 0.28 | 0.28 |
| | | 161 | 102/3 | 0.11 | 0.11 |
| | | Total= | | 0.39 | 0.39 |
| 136 | विवेक गुप्ता पिता सतपाल प्रसाद गुप्ता जाति रौनियार | 162 | 192 | 0.40 | 0.40 |
| | | 162 | 334/2 | 0.14 | 0.14 |
| | | 162 | 335/1 | 0.06 | 0.06 |
| | | Total= | | 0.60 | 0.60 |
| 137 | वेद प्रकाश दास पिता शोभा दास जाति पनिका | 153 | 117/3 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 138 | वेदप्रकाश सिंह पिता अमोल सिंह जाति गोंड | 152 | 116/5 | 0.20 | 0.20 |
| | | Total= | | 0.20 | 0.20 |
| 139 | वेमली पिता वासी भादू देवशरण रामलाल पिता तोलवा वैना पिता तोलया बिहानो पिता तोलया जाति बरगाह | 154 | 242/1 | 0.06 | 0.06 |
| | | 154 | 249/1 | 0.44 | 0.44 |
| | | 154 | 310/1 | 0.11 | 0.11 |
| | | 154 | 337/1(p) | 0.88 | 0.80 |
| | | Total= | | 1.49 | 1.41 |
| 140 | शंकर प्रसाद गुप्ता पिता सतपाल प्रसाद गुप्ता जाति रौनियार | 163 | 349/2 | 1.20 | 1.20 |
| | | Total= | | 1.20 | 1.20 |
| 141 | शंकर प्रसाद सिंह पिता हरिहर प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 164 | 130/9 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 142 | शान्ति बाई पति सीताराम जाति बरगाह | 167 | 260 | 0.56 | 0.56 |
| | | Total= | | 0.56 | 0.56 |
| 143 | शिवकुमारी शिवरतनी पिता रामप्रसाद मानमती बेवा रामप्रसाद जाति पण्डो | 171 | 157 | 0.61 | 0.61 |
| | | 171 | 368(p) | 0.40 | 0.05 |
| | | Total= | | 1.01 | 0.66 |
| 144 | शिवधारी पिता काशी जाति बरगाह | 172 | 331/5 | 0.13 | 0.13 |
| | | Total= | | 0.13 | 0.13 |
| 145 | शिवप्रसाद सिंह पिता भजन राम जाति गोंड | 173 | 232 | 0.89 | 0.89 |
| | | Total= | | 0.89 | 0.89 |
| 146 | शिवबरन पिता दशरथ जाति गोंड | 174 | 54 | 1.08 | 1.08 |
| | | 174 | 55 | 0.19 | 0.19 |
| | | 174 | 61 | 0.56 | 0.56 |
| | | 174 | 64 | 0.22 | 0.22 |
| | | Total= | | 2.05 | 2.05 |
| 147 | शिवबालक पिता बुधन जाति गोंड | 175 | 81 | 0.07 | 0.07 |
| | | 175 | 82/1 | 0.36 | 0.36 |
| | | 175 | 94 | 0.22 | 0.22 |
| | | 175 | 96 | 0.19 | 0.19 |
| | | Total= | | 0.84 | 0.84 |
| 148 | शिवमंजन पिता फुस्सा जाति पण्डो | 176 | 127/3 | 0.34 | 0.34 |
| | | Total= | | 0.34 | 0.34 |
| 149 | शिवलाल पिता दशरथ जाति गोंड | 177 | 27/2 | 0.80 | 0.80 |
| | | Total= | | 0.80 | 0.80 |
| 150 | शेखर कुमार पिता राना प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 165 | 130/11 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 151 | शोभनाथ पिता अमरसाय जाति गोंड | 179 | 116/2 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |
| 152 | श्यामपति पिता अमृत लेग्डी पिता ननका कुमारो पुत्री लेग्डा मुन्ना पिता बाजारु जाति बरगाह | 166 | 315 | 0.38 | 0.38 |
| | | Total= | | 0.38 | 0.38 |
| 153 | श्रीराम पिता रामरुच जाति गोंड | 168 | 116/8 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 154 | श्रृंखला सिंह पिता सुमेर सिंह जाति गोंड | 331 | 173/4 | 0.17 | 0.17 |
| | | 335 | 174/5 | 0.23 | 0.23 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 155 | संजय सिंह पिता सियाराम जाति गोंड | 119 | 69/2 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 156 | संजीव कुमार सिंह पिता शंकर प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 186 | 130/5 | 0.02 | 0.02 |
| | | Total= | | 0.02 | 0.02 |
| 157 | संतोष कुमार पिता जोगेंद्र प्रसाद जाति अहीर | 189 | 259 | 0.26 | 0.26 |
| | | Total= | | 0.26 | 0.26 |
| 158 | संतोष कुमार पिता माधे राम नरेश कुमार टोप्पो पिता माधे राम जाति उरांव | 320 | 116/10 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.40 | 0.40 |
| 159 | संतोष कुमार सिंह पिता उपेन्द्र प्रसाद सिंह जाति क्षत्रिय | 190 | 130/3 | 0.34 | 0.34 |
| | | 191 | 335/3 | 0.40 | 0.40 |
| | | Total= | | 0.74 | 0.74 |
| 160 | संधारि पिता टुइला जाति गोंड | 192 | 49 | 0.11 | 0.11 |
| | | 192 | 228 | 0.68 | 0.68 |
| | | Total= | | 0.79 | 0.79 |
| 161 | सखन पिता देवशरण जाति पण्डो | 181 | 139 | 0.32 | 0.32 |
| | | 181 | 142 | 0.47 | 0.47 |
| | | Total= | | 0.79 | 0.79 |
| 162 | सखन सुकुल नौकुल भोला पिता देवशरण दीनो बेवा देवशरण जाति पण्डो | 182 | 141 | 0.83 | 0.83 |
| | | Total= | | 0.83 | 0.83 |
| 163 | सखन सुकुल नौकुल भोला पिता देवशरण दीनो बेवा देवशरण जिरमेन बेवा देवशरण जाति पण्डो | 183 | 118 | 0.15 | 0.15 |
| | | 183 | 134 | 0.58 | 0.58 |
| | | 183 | 158 | 0.57 | 0.57 |
| | | Total= | | 1.30 | 1.30 |
| 164 | सगु पिता रामसाय जाति गोंड | 185 | 103/2 | 0.13 | 0.13 |
| | | 185 | 106/2 | 0.87 | 0.87 |
| | | Total= | | 1.00 | 1.00 |
| 165 | सत्येन्द्र कुमार तिवारी पिता रामरुप तिवारी जाति ब्राम्हण | 187 | 117/9 | 0.04 | 0.04 |
| | | Total= | | 0.04 | 0.04 |

...क्रमशः अगले पृष्ठ पर

## खबर संक्षेप

### कॉफी डे के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से होगी शुरू




**नई दिल्ली।** कैफे कॉफी डे श्रृंखला का स्वामित्व रखने वाली कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड (सीडीईएल) के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है, क्योंकि अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी उच्चतम न्यायालय की निर्धारित 21 फरवरी की समयसीमा के भीतर आदेश पारित नहीं कर सका।

### रुपया दो पैसे टूटकर 87.21 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू बाजारों में नरमी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 87.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुल्क की घोषणाओं ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है।

## उद्योग जगत से कहा, वे साहसी बने और प्रतिस्पर्धा करें

# उद्योग जगत सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें : गोयल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से कहा कि वे साहसी बनें और समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें।

आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने पूछा कि उद्योग कब तक सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और अन्य समान संरक्षणवादी उपायों की ''बैसाखियों'' पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा, '' हम कब तक सरकार की ओर (समर्थन के लिए) देखते रहेंगे? या, कब तक हम सब्सिडी और समर्थन, प्रोत्साहन, उच्च आयात शुल्क, संरक्षणवादी मानसिकता और विश्व के साथ अपने संबंधों में अत्यधिक रक्षात्मक होने की बैसाखी पर जीत हासिल करते रहेंगे?''

### संरक्षणवादी मानसिकता कमजोर कर रही

गोयल ने कहा, '' हमें एक राष्ट्र के रूप में इस संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने का फैसला करना होगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या माइकल पोर्टर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर किया मौलिक कार्य केवल तब तक प्रासंगिक है जब तक उद्योग के नेता व्यापार स्कूलों में हैं।




- समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर न रहे
- उद्योग कब तक सब्सिडी की बैसाखियों पर निर्भर रहेगा
- संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने

### गुणवत्ता भारत के लिए लंबे समय से चुनौती

गोयल ने कहा कि गुणवत्ता, भारत के लिए लंबे समय से चुनौती रही है और औषधि जैसे क्षेत्रों में, आवश्यक वैश्विक मंजूरी प्राप्त बड़ी कंपनियों को सामूहिक लाभ के लिए गुणवत्ता के मामले में छोटी कंपनियों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे आदेशों को चुनौती देने के बजाय गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए कहा।

### ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर विचार-विमर्श जारी

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार मोर्चे पर नीतिगत कदमों के बाद, दुनिया भर के देशों में गहन विचार-विमर्श शुरू हो गया है। वहीं देश ने पिछले कुछ दिन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू हुई है।

### भारत विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने तैयार

मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 'मेक इन इंडिया' जैसी अनेक पहलों ने सामूहिक रूप से देश की मानसिकता का निर्माण किया है। देश अब विश्व व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

### जब तक प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे सफल नहीं होंगे

मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता उद्योग की नवप्रवर्तन, विनिर्माण पद्धतियों, कौशल और दक्षताओं के उन्नयन की क्षमता से आएगी। उन्होंने कहा, '' जब तक हम प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे, 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं सफल नहीं होंगी और हम विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे।''

### देश वास्तव में आयात पर निर्भर है

गोयल ने कहा कि जब तक देश व्यापार के माध्यम से विश्व के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान नहीं देगा, तब तक वह विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में अपवाद होंगे जहां देश वास्तव में आयात पर निर्भर है, जैसे तेल, रक्षा और खाद्य।

## बिजनेस साइट

### लीला देवी समूह के परिसर में आदियोगी की विशाल प्रतिमा का अनावरण और पूजन



**रायपुर।** लीला देवी समूह, मोतीपुर (लीलास पब्लिक स्कूल और लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी) के परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शंकराचार्य पीठ के प्रमुख 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डां इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज द्वारा आदियोगी की विशाल प्रतिमा का अनावरण और सरस्वती पूजन किया गया।

इस खास मौके पर स्वामी जी ने लीलास पब्लिक स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को महाशिवरात्रि के महत्व और उनके व्यक्तिगत जीवन व चरित्र निर्माण के विषय में एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। इसके साथ ही लीलास नॉलेज पार्क के विशाल प्रांगण में 11 फुट की आदियोगी की भव्य प्रतिमा का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसका भूमि पूजन स्वामी जी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लीलास समूह के चेयरमैन संतोष मिश्रा, लीलास कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं फार्मेसी की निदेशक अर्चना मिश्रा उपस्थित थे।

### एक्सिस बैंक ने किया स्पलैश के विजेताओं को सम्मानित

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने 7-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आयोजित वार्षिक अखिल भारतीय कला, शिल्प और साहित्य प्रतियोगिता स्पलैश के राष्ट्रीय विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों-अमिताभ चौधरी, एमडी एंड सीईओ; राजीव आनंद, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर; राजकमल वेम्पति, हैड-एचआर और अर्जुन चौधरी, ग्रुप एक्जीक्यूटिव ने मुंबई स्थित एक्सिस हाउस में सम्मानित किया। प्रतियोगिता के छह फाइनलिस्टों को प्रत्येक को 1 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, साथ ही विवो, बीएसए साइकल्स, अमेरिकन टूरिस्टर और बोट जैसे साझेदारों की ओर से शानदार उपहार और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी दिए गए। इसके अलावा, उपविजेताओं को प्रत्येक को 50 हजार रुपए प्रदान किए गए। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अनूप मनोहर ने कहा, 'स्पलैश केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां युवा प्रतिभाएं अपनी सोच और कल्पनाओं को कला, चित्रकला और साहित्य के माध्यम से व्यक्त कर सकती हैं। हमें गर्व है कि इतने बड़े पैमाने पर प्रतिभाशाली बच्चों ने इस प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाया।'

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।

## सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेगी निर्मला

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक मार्च को 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर 'भारत में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन का डिजिटलीकरण परिवर्तनकारी दशक (2014-24)' शीर्षक से एक सार-संग्रह भी जारी किया जाएगा। पीएफएमएस, लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के संगठन द्वारा डिजाइन, विकसित और क्रियान्वित किया गया है। यह भुगतान, रसीद, लेखांकन, नकदी प्रबंधन और वित्तीय रिपोर्टिंग सहित सरकार के वित्तीय प्रशासन के लिए प्रमुख आईटी मंच है।

## सोना 1,150 रुपए लुढ़का चांदी 1,000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,150 रुपये टूटकर 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,150 रुपये टूटकर 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स में बिकवाली के कारण सोने की कीमतों में कमजोरी देखी गई, जहां सोने की कीमत 85,000 रुपये तक गिर गई। अगर एमसीएक्स पर सोना 84,800 रुपये के स्तर तक आता है, तो और भी कमजोरी आ सकती है। त्रिवेदी ने कहा कि बाजार प्रतिभागी आगे के संकेतों के लिए शुक्रवार को कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। विदेशी बाजारों में, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 23.10 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,907.50 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## ईपीएफओ ने दिसंबर में 16.5 लाख नए सदस्य जोड़े




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 16.05 लाख नए सदस्यों को जोड़ा है। यह नवंबर, 2024 के मुकाबले 9.69 प्रतिशत अधिक है। नियमित वेतन पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के बारे में ईपीएफओ के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। शुद्ध रूप से ईपीएफओ से जुड़ने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि का मतलब है कि संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ी हैं। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि दिसंबर, 2023 के मुकाबले नियमित वेतन पर रखे गये (पेरोल) लोगों की संख्या 2.74 प्रतिशत अधिक है।

ईपीएफओ के दिसंबर, 2024 के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार शुद्ध रूप से उससे 16.05 लाख सदस्य जुड़े है, जो इससे पिछले महीने के मुकाबले 9.69 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने 8.47 लाख नये अंशधारकों को जोड़ा।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.(RO-3160)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करे - श्याम हार्डवेयर स्टोर्स, डा. सूर के सामने, स्टेशन रोड रायपुर, मो.- 9300908801.(RO-92)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 91311-39179.(RO-3334)

### सुपरवाइजर/एकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** राईस मील में कार्य करने हेतु सुपरवाईजर - 2 पद, एकाउन्टेन्ट - 1 पद, एवं 1 चौकीदार की आवश्यकता है संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9425211223, 8770881478.(RO-3330)

हरिभूमि

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी ट्रांसपोर्ट लोडिंग व अनलोडिंग के लिए व्यक्ति एंव अनुभवी सेल्समैन, कम्प्युटर ऑपरेटर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658. (RO-7252)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** ट्रांसफार्मर मेंटनेंस एवं इलेक्ट्रिकल पैनल मेंटनेंस कार्य हेतु राईस मिल में इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है। कुल 2 पोस्ट। सम्पर्क करें- 9826136200.(RO-156)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3333)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) रिसेप्शनिष्ट, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153.(RO-7448)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-36927)

छोटा विज्ञापन

### लेबर कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490. (RO-6233)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने हेतु । रहने की सुविधा उपलब्ध। सुपरवाइजर (बेसिक कंप्यूटर नॉलेज) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क- जयश्री पोल्ट्री फार्म, NH-53, होटल कोर्टयार्ड के पास, लाभांडीह, रायपुर 9826147575.(RO-91)

**आवश्यकता है-** दुर्ग एवं बोड़ेगांव स्थित राईस मिल के लिये सुपरवाईजर, की आवश्यकता है उम्र 25 से 30 वर्ष रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेण्डर फ्री दिया जायेगा। संपर्क करें:- मो.- 9303309932 7987085401 (RO-689)

### घरेलु कार्य

**तत्काल आवश्यकता है-** घरेलू नौकर बंगले में कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार केवल अनुभवी पुरुष उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3332)

### कुली/मजदूर

**आवश्यकता है-** रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में काम करने के लिए कूली, रेजा, मजदूर की आवश्यकता है, संपर्क करें, 9425205358, 9425525222.(RO-35)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में पैकिंग कार्य एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 9329684981.(RO-BSP)

### वेल्डर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** वेल्डर, हेल्पर और केजव्हील, कल्टीवेटर निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार एवं ग्रुप का भाटागांव स्थित फैक्ट्री हेतु। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें- 9425206781.(RO-100)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आटोडील में कार्य करने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- झाबक मोटर्स जियो पेट्रोल पंप के बाजू सरोना चौक रायपुर 9300005455.(RO-158)

### पैकिंग/हेल्पर कार्य

**आवश्यकता है-** पैकिंग एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध अशोक एंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 9:00 तक मोबाइल नंबर- 8770676924. (RO-7449)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई की आयुर्वेदिक कंपनी में COMPUTER ऑपरेटरों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000 + योग्यतानुसार। संपर्क - 9109393552, 8269465640.(आरो नं.-691)

### मार्केटिंग/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7400700030, 7828656506.(RO-158)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर , सेल्समैन , सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन : 7999620990 (आरो-1516)

### ड्रायवर/डिलीवरी बॉय

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है 11 घंटे ड्यूटी एवं बाइक से होम डिलीवरी हेतु डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है (स्वयं का साधन अनिवार्य) वेतन योग्यतानुसार संपर्क 8602055368.(RO-7207)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**Wanted-** Requirement of 3 post of Computer operator, Having thorough knowledge, 4 posts of Godown Incharge only for experience, Requirement of 5 posts of driver for small vehicles. interested candidate may contact us with a resume. Mob.- 8700749996.(RO-117)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** रायपुर जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है, स्वयं का वाहन अनिवार्य 25 वर्ष तक के कम पढे लिखे ग्रामीण व शहरी लडके संपर्क करें। 8839812454.(RO-7208)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348.(RO-704)

**आवश्यकता है-** वनविभाग कम्पनी द्वारा तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या-975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500-52400) तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309.(RO-701)

हरिभूमि

## Services सर्विसेस

रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते है ?
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें।
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register online @ https://www.grow.org.in
9063485395, 9063486569

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

## Property प्रापर्टी

**प्लॉट बेचना है -** रजिस्ट्रीफ्री प्लाट रु 251 की दर से उतई कृष्णा पब्लिक स्कूल रोड खोपली में बेचना है भारतमला नेशनलहाइवे से लगभग 1किलोमीटर पर है यहाँ 30-25फिट मुरुमरोड, पानी पाइपलाइन एवं बिजली की सुविधा है, किस्त की सुविधा है, संपर्क - 9407964899, 7000027363.(आरो 688)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x8

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098136776 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gaurav Path Marg, Bilaspur. Ph.: 07752-271016, Mob.: 09329711674 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

### नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।





### बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

### चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

### पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

## खबर संक्षेप



### कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

**लाहौर।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

### आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

**बेंगलुरु।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो



उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

### बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो



भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है।'

### आईसीसी मैच रेफरी बून सीए बोर्ड में शामिल

**मेलबर्न।** पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड में शामिल होंगे। बून क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।'

## चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम

# जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।



### गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

### कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

### पंत को मिल सकता है मौका

खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

### शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

## प्राग मास्टर्स शतरंज

# प्रज्ञानानंदा ने नवारा से ड्रॉ खेला अरविंद की बाजी भी बराबर रही



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में चुनौती पेश कर रही एकमात्र महिला और एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को स्पेन के इवान सेलगाडो लोपेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### वाणी ने महिला पीजीटी का जीता चौथा चरण

**मुंबई।** वाणी कपूर ने अंतिम दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब जीता। वाणी का कुल स्कोर एक ओवर 211 रहा। यह वाणी की 2024 सत्र के 12वें चरण के बाद पहली जीत है। वाणी ने 11वें और 13वें होल में बर्डी की और इस समय वह दो एमेच्योर खिलाड़ियों सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी से पीछे थीं। सानवी कल तक शीर्ष पर थीं। वाणी ने इसके बाद वापसी करते हुए 15वें होल में बर्डी की जबकि इसी होल में अनुराधा ने बोगी की। इससे अनुराधा एक शॉट की बढ़त गंवाकर एक शॉट से पीछे हो गईं। सानवी ने भी 15वें, 17वें और 18वें होल में बोगी की। अनुराधा ने दो ओवर के कुल स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि सानवी तीन ओवर के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (66) और रिद्धिमा दिलावरी (67) ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

### पीटरसन बने दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नियुक्त किया गया। इस 44 साल के पूर्व खिलाड़ी ने 2014 में दिल्ली की टीम की कप्तानी की थी। पीटरसन पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी किसी भूमिका में दिखेंगे। वह खिलाड़ी के तौर पर 2009 से 2016 तक इस लीग का हिस्सा रहे हैं।



पीटरसन को 200 टी20 मैच खेलने का अनुभव है, जिसमें उन्होंने 5,695 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे की फ्रेंचाइजी के साथ कुल 36 मैचों में 1001 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स में वह हेमांग बदानी की अगुवाई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे।

# 2025 धोनी का आखिरी आईपीएल! खास 'कोड' के साथ चेन्नई पहुंचे माही

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य पर एक क्रिप्टिक मैसेज के साथ इंटरनेट पर तहलका दिया है। आईपीएल 2025 से पहले वह अपनी टीम के साथ जुड़ने के लिए चेन्नई पहुंचे। हालांकि, उनके वहां पहुंचने से ज्यादा चर्चा उनकी टी-शर्ट की हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि टी-शर्ट पर कोड के रूप में एक क्रिप्टिक मैसेज था जो बताता है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा। फैंस ने टी-शर्ट पर संदेश को डिकोड कर पर सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी साझा की है। फैंस का कहना है कि यह एक मोर्स कोड है जिसका अनुवाद 'एक आखिरी बार' (वन लास्ट टाइम) है। धोनी हाल ही में जियो हॉटस्टार



स्टूडियो में अभिनेता सनी देओल के साथ भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखते दिखे थे। उससे पहले वह संजू सैमसन के साथ एक कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। इससे पहले धोनी ने कहा था कि फिट रहने और आईपीएल के दो महीने के लिए तैयार रहने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

### रहाणे बने पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स के ब्रांड दूत

**मुंबई।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को तीन से चार मार्च तक यहां होने वाले एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड दूत बनाया गया है। यह ग्रैंडमास्टर सीरीज ि स्क ल ह ब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन की पहल है और बेंगलुरू में 'दक्षिण क्षेत्र एक' की सफलता के बाद पश्चिम क्षेत्र पहुंची है। डेढ़ लाख से अधिक पंजीकरण के साथ प्रतियोगिता ने अपने ऑनलाइन प्रारूप में भारत की प्रमुख कौशल-आधारित माइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



# ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल




एजेंसी ▶▶| लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे। बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।



# मंगल ग्रह लाल क्यों है? वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, पानी और ऑक्सीजन प्रमुख कारक

**न्यूयॉर्क।** मंगल ग्रह शुरू से ही लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। इसका प्रमुख कारण इसका अनोखा लाल रंग है, जो पृथ्वी से भी नजर आता है। अब वैज्ञानिकों ने एक नई स्टडी से पता लगाया है कि मंगल के लाल रंग का राज क्या है। उन्होंने कहा कि इस लाल रंग में ऑक्सीजन और पानी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंगल हमारे सौर मंडल में सूर्य से चौथा ग्रह है। यह केवल बुध से बड़ा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह पर पानी मौजूद है। यह ग्रह अपने अनोखे रंग के कारण शुरू से ही इंसानों के लिए आकर्षण का विषय रहा है। अपने जंग लगे रंग के कारण इसे 'लाल ग्रह' का उपनाम दिया गया है। लेकिन, सवाल उठता है कि आखिर इस ग्रह को लाल रंग किस वजह से मिला है।



## मंगल के लाल रंग का कारण क्या है?

एक रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह का रंग उसकी सतह पर मौजूद जंग के रंग की धूल के कारण है। इसे फेरिहाइड्राइट कहा जाता है। यही धूल मंगल ग्रह को लाल रंग प्रदान करती है। इसका खुलासा मंगल ग्रह पर भेजे गए अंतरिक्ष यान और लैंडर से मिले डेटा के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर होने वाली रासायनिक प्रक्रिया की तरह, जब-जब चट्टानों में मौजूद लोहा पानी या पानी और मंगल के वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन के साथ मिला, तो इससे आयरन ऑक्साइड बना।

## फेरिहाइड्राइट के कारण लाल दिखता है मंगल

इसके बाद मंगल ग्रह की हवाओं ने अरबों साल में आयरन ऑक्साइड को पूरे ग्रह पर फैलाया और इसे धूल में बदल दिया। इस कारण मंगल ग्रह को इसका खास लाल रंग मिला। चूंकि, मंगल पर अब तरल पानी नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों का पहले मानना था कि इसका जंग-लाल रंग धूल में मौजूद हेमेटाइट जैसे सूखे आयरन ऑक्साइड की वजह से है। हालांकि, सैटेलाइट डेटा और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं के नए विश्लेषण के अनुसार, ग्रह के लाल रंग के लिए फेरिहाइड्राइट एक बेहतर व्याख्या हो सकती है।

## वैज्ञानिकों ने क्या कहा

*ब्राउन यूनिवर्सिटी में पृथ्वी, पर्यावरण और ग्रह विज्ञान विभाग में एक प्रमुख लेखक और पोस्टडॉक्टरल फेलो एडोमास वैलंटिनस ने कहा, मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस मूलभूत प्रश्न पर सैकड़ों, यदि हजारों नहीं, वर्षों से विचार किया जा रहा है। मंगल ग्रह अभी भी लाल ग्रह है। बस इतना है कि मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस बारे में हमारी समझ बदल गई है। मंगल ग्रह की धूल के एक प्रमुख घटक के रूप में फेरिहाइड्राइट की पहचान मंगल ग्रह के अतीत और अलौकिक जीवन की संभावना के बारे में हमारे ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हो सकती है।*

# 9वीं के बच्चे ने बना दी थ्री-इन-वन हाइब्रिड साइकिल, खासियत जान बड़े-बड़ों का चकराया सिर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के 14 वर्षीय एक बच्चे ने एक ऐसी थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल बनाई है, जिसे आप जरूरत पड़ने पर सोलर एनर्जी, बैटरी यहां तक कि पेट्रोल से भी चला सकते हैं। नगर कुरनूल जिले के बालमुरु मंडल के रहने वाले हुनरबाज गगनचंद्र की, जिनकी डिजाइन की हुई साइकिल को देखकर बड़े-बड़े इंजीनियर भी सोच में पड़ गए हैं। गगनचंद्र ने एक ऐसी साइकिल बनाई है, जो आपको बैटरी पर 35 किलोमीटर का सफर करा सकती है। वहीं, सोलर एनर्जी की मदद से पूरे दिन यात्रा भी कराएगी। गगनचंद्र ने नॉर्मल साइकिल में ही बटरी, सोलर पैनल और मोटर जोड़कर इसे थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल का रूप दिया है, जो डिजिटल स्पीडोमीटर, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, नेविगेशन यहां तक कि सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम से लैश है। मतलब, इस साइकिल को कहीं से भी ट्रैक किया जा सकेगा।



## साइकिल की लागत?

इतना ही नहीं, साइकिल में वॉयस कमांड सिस्टम भी है, जिससे म्यूजिक और फोन कॉल्स कंट्रोल किया जा सकेगा. गगन चंद्र के अनुसार, इस साइकिल को बनाने में 20 हजार रुपए की लागत आई है। लेकिन, उनका कहना है कि वह भविष्य में इसे और कम कर देंगे।

# पृथ्वी को छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ा विशाल ऐस्टरॉयड

*48000 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टकराने की आशंका, क्या फूट जाएगा चांद?*

**वॉशिंगटन।** ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 को लेकर अभी तक आशंका थी कि ये पृथ्वी से टकरा सकता है। इस आशंका ने कई हफ्तों तक दुनिया के लोगों को परेशान रखा। फिर नासा ने साफ किया कि ऐस्टरॉयड के टकराने की आशंका टल गई है। लेकिन. नासा ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी तो बच गई है लेकिन ऐस्टरॉयड के चपेट में आने से चंद्रमा का बचना मुश्किल है। नासा ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 से पृथ्वी सुरक्षित है और 2023 में ये ऐस्टरॉयड पृथ्वी के बगल से निकल जाएगा। इसके टकराने की आशंका नहीं है। नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के प्रमुख पॉल चोडास ने कहा कि यह वह परिणाम है जिसकी हमें उम्मीद थी। लेकिन नासा का कहना है कि ये ऐस्टरॉयड काफी खतरनाक था और अगर ये पृथ्वी से टकराता तो भयानक धमाका होता, जिसमें 8 मेगाटन टीएनटी के बराबर का विस्फोट होता। यानी हिरोशिमा शहर के ऊपर जो परमाणु बम गिराया गया था, उससे 500 गुना ज्यादा शक्तिशाली धमाका होता। यानी ये धमाका एक पूरे शहर को पूरी तरह से नष्ट कर सकता था और कई आसपास के शहरों पर इसका गंभीर असर दिखता। हालांकि, अब धरती के लोग राहत की सांस ले सकते हैं कि हमारे ऊपर ऐस्टरॉयड को लेकर कोई खतरा नहीं है। लेकिन, नासा ने कैलकुलेशन के आधार पर कहा है कि ऐस्टरॉयड वीआर4 सीधे चंद्रमा की ओर बढ़ सकता है।



## चंद्रमा से ऐस्टरॉयड के टकराने की कितनी आशंका?

नासा ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अब इस ऐस्टरॉयड के हमारे चंद्रमा से टकराने की आशंका बन रही है और ये आशंका 1.7 प्रतिशत है, जो पिछले लगाए गए अनुमानों के मुकाबले काफी ज्यादा है। पृथ्वी के विपरीत, चंद्रमा पर इस ऐस्टरॉयड को गिरने से बचाने के लिए कोई वायुमंडल नहीं है। यदि ऐस्टरॉयड वीआर4 चंद्रमा से टकराता है तो टक्कर के वक्त इसकी रफ्तार 30,000 मील प्रति घंटे की होगी, जिससे चंद्रमा की सतह पर 6500 फीट चौड़ा गड्ढा बन जाएगा। हालांकि, नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि टकराने की संभावनाएं धीरे-धीरे कम हो सकती हैं।




# फाइलेरिया की दवा खाने से बिगड़ी 8 बच्चों की तबीयत, दो घंटे बाद डाक्टर ने दी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मस्तूरी में फाइलेरिया की दवा खाने से मिडिल स्कूल के 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट में दर्द और ऐंठन की शिकायत के साथ ही उल्टियां होने लगीं, बच्चों की तबीयत बिगड़ने की खबर लगते ही स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। करीब 2 से 3 घंटे के बाद बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। जिला मुख्यालय से 37 किमी दूर मस्तूरी के टेकारी गांव स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल में गुरूवार को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। दवा खाने के बाद 8 से 10 बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। सभी बच्चे 7वीं और 8वीं के थे, बच्चों की तबीयत बिगड़ने की बात को लेकर स्कूल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की टीम में हड़कंप मच गया।

- मस्तूरी के टेकारी गांव के शासकीय माध्यमिक स्कूल की घटना।

## 24 घंटे का आब्जर्वेशन

जिन बच्चों की तबीयत दवा खाने के बाद बिगड़ी है, उन्हें 24 घंटे का आब्जर्वेशन रखा गया है, भले ही परिवार के सदस्यों के द्वारा उन्हें उपचार के बाद घर ले जाया गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अगले 24 घंटे के बाद उनका परीक्षण कर सकती है। सीएमएचओ ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को पूरी तरह से अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है।













72198 21111 | BAJAJ SECURE · AMC · ROAD SIDE ASSISTANCE

*Terms and conditions apply. *Ex-showroom price for Pulsar 125 variants. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Road Side Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.** Raipur: Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • Baloda Bazar ARUN BAJAJ 90009399506 • Bhatapara ARUN BAJAJ 7828353259 • Bhilai AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • Durg VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • Dhamtari TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • Kanker TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • Bhanupratappur TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • Jagdalpur T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • Mahasamund BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •Saraipali BHAWANI BAJAJ 9424211576 • Rajnandgaon KAKKAD BAJAJ 9301111111 Dongargarh KAKKAD BAJAJ 9028597766 • Kawardha CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 Pandatarai CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com